वर्ष-14 - अंक 108
पृष्ट-08 मूल्य : 01 रुपया

सीतापुर
सोमवार,27 जुलाई 2026

RNIÐNoÐ UHIN/2012/43078

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें.......
9511151254

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhatÐco

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ विश्वविद्यालय में एम.एड. की छात्रा अनम वसी .......... 3
प्रधानमंत्री के सेल्फी वीडियो संवाद के नीतिगत व................................ 4
दिल्ली पुलिस की कार्रवाई पर विपक्ष हमलावर, गृह मंत्री अमित शाह पर ................ 08

## छात्र आंदोलन के समर्थन की तैयारी पर असम में तीन युवक गिरफ्तार



**गुवाहाटी/लखीमपुर(एजेंसी)।** देशभर में चल रहे छात्र एवं युवा आंदोलन के समर्थन में प्रदर्शन आयोजित करने की कथित तैयारी के मामले में असम के लखीमपुर जिले से तीन युवकों को गिरफ्तार किए जाने के बाद यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। पुलिस ने युवकों पर प्रदर्शन आयोजित करने की योजना बनाने और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं, परिजनों ने गिरफ्तारी को अनुचित बताते हुए कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान मंजूर रहमान (23), अशरफुल इस्लाम (21) और अब्दुल कासिम (23) के रूप में हुई है। तीनों लखीमपुर जिले के लालुक थाना क्षेत्र स्थित इस्लामपुर गांव के निवासी हैं। पुलिस ने 23 जुलाई को तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। परिजनों का कहना है कि तीनों युवक देशव्यापी छात्र आंदोलन के समर्थन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजित करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने एक व्हाट्सऐप समूह बनाया था और स्थानीय प्रशासन से प्रदर्शन की अनुमति भी मांगी थी। उनका आरोप है कि अनुमति नहीं मिलने के बावजूद किसी प्रकार का प्रदर्शन आयोजित नहीं किया गया था, फिर भी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक मंजूर रहमान एम.कॉम. के छात्र हैं। उनके पिता मोजिबुर रहमान ने कहा कि उनका बेटा घटना के दिन खेत में काम कर रहा था, तभी पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए थाने बुलाया। उनका कहना है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन की योजना बनाना कोई असंवैधानिक कार्य नहीं है और बिना प्रदर्शन हुए ही गिरफ्तारी करना उचित नहीं है। दूसरे आरोपी अशरफुल इस्लाम भी एम.कॉम. की पढ़ाई कर रहे हैं। उनके पिता अयूब अली ने आरोप लगाया कि पुलिस देर रात उनके बेटे को घर के पास से अपने साथ ले गई। उन्होंने कहा कि उनका बेटा पढ़ाई करने वाला और शांत स्वभाव का युवक है तथा उस पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कार्रवाई में भेदभाव किया गया है। तीसरे आरोपी अब्दुल कासिम ने फार्मास्युटिकल साइंस में स्नातक किया है और लाइसेंस मिलने तक एक निजी विद्यालय में अध्यापन कर रहे थे। उनके परिवार का कहना है कि पुलिस ने पूछताछ के बाद छोड़ने का आश्वासन दिया था, लेकिन अगले दिन उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस द्वारा अभिभावकों को भेजे गए नोटिस के अनुसार, तीनों युवकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 61(2)(बी), 353(1) और 152 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इनमें धारा 152 देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता के विरुद्ध गतिविधियों अथवा उन्हें उकसाने से संबंधित प्रावधानों से जुड़ी है। परिजनों के अनुसार, पुलिस ने अदालत से आरोपियों को पुलिस रिमांड पर देने की मांग की थी, लेकिन न्यायालय ने यह अनुरोध अस्वीकार करते हुए तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मामले की पुष्टि करते हुए लालुक थाना प्रभारी सिमंता पाठक ने कहा कि गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई है। हालांकि उन्होंने मामले के विस्तृत विवरण पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति मिलने के बाद ही अधिक जानकारी साझा की जाएगी।

## असम में बाढ़ से अब भी 6.5 लाख से अधिक लोग प्रभावित, मृतकों की संख्या 66 हुई

**असम( एजेंसी )।** असम के छह जिलों में अब भी 6.5 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं और इस वर्ष बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 66 हो गई है। हालांकि, अधिकारियों के अनुसार, रविवार (26 जुलाई 2026) को बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है। राज्य के अधिकांश प्रभावित इलाकों में रात भर बारिश न होने के कारण पानी का स्तर घट रहा है। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के एक अधिकारी ने बताया कि ऊपरी असम के अधिकांश बाढ़ प्रभावित इलाकों, खासकर चराइदेव, शिवसागर और जोरहाट जिलों में पानी का स्तर घट रहा है। उन्होंने कहा, 'हमें उम्मीद है कि दिन में स्थिति में और सुधार होगा। इससे राहत कार्यों को और बेहतर तरीके से संचालित करने में मदद मिलेगी।'प्राधिकरण की ओर से शनिवार रात जारी दैनिक बाढ़ रिपोर्ट के अनुसार, चराइदेव, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, जोरहाट, नगांव और शिवसागर जिलों में 6,54,800 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। सबसे अधिक प्रभावित शिवसागर जिला है, जहां लगभग 2.19 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। इसके बाद चराइदेव में 1.19 लाख और जोरहाट में 1.13 लाख लोग बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ़ की स्थिति में शुक्रवार (24 जुलाई) की तुलना में कुछ सुधार हुआ है। उस दिन नौ जिलों में 7.05 लाख से अधिक लोग प्रभावित थे।

एएसडीएमए के मध्यरात्रि बुलेटिन के अनुसार, पिछले 24 घंटों में बाढ़ से चार और लोगों की मौत हुई है, जिसके साथ इस वर्ष



बाढ़ से मरने वालों की कुल संख्या 66 हो गई। इनमें शिवसागर में तीन और चराइदेव में एक व्यक्ति की मौत हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार (25 जुलाई) को असम सरकार को बाढ़ से निपटने के लिए केंद्र की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश रुकने के कारण बाढ़ की स्थिति में सुधार के संकेत मिले हैं। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के राहत शिविरों का दौरा कर राहत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाएं, भोजन, पीने का पानी और अन्य आवश्यक सुविधाएं बिना किसी बाधा के उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि बाढ़ की स्थिति में कुछ सुधार हुआ है और प्रशासन लगभग सभी प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने में सफल रहा है कैबिनेट की देर शाम हुई बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि ऊपरी असम में बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए केंद्र सरकार की एक टीम राज्य पहुंच चुकी है।

एएसडीएमए ने बताया कि प्रशासन छह जिलों में 274 राहत शिविर और राहत वितरण केंद्र चला रहा है, जहां फिलहाल 18,902 विस्थापित लोगों को आश्रय और सहायता दी जा रही है। प्राधिकरण के अनुसार, सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं, पुलिस और अन्य नागरिक एजेंसियों ने ऊपरी असम के विभिन्न हिस्सों से कई लोगों को सुरक्षित निकाला है। बाढ़ के पानी से राज्य के विभिन्न जिलों में तटबंध, सड़कें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचा है। वर्तमान में शिवसागर में दिखौ नदी और नुमालीगढ़ में धनसिरी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। पिछले 24 घंटों में बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच 1,668.68 क्विंटल चावल, 286.99 क्विंटल दाल, 83.75 क्विंटल नमक और 7,995.01 लीटर सरसों के तेल का वितरण किया गया है। नॉर्थईस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि, बड़ी संख्या में तटबंधों, सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचने के कारण हजारों प्रभावित परिवार अब भी पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य जरूरी राहत सामग्री से वंचित हैं। एएसडीएमए के अनुसार, फिलहाल राज्य के 810 गांव जलमग्न हैं और 34,970.18 हेक्टेयर कृषि भूमि को नुकसान पहुंचा है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ओडेसा बंदरगाह पर मालवाहक जहाज पर हमला, चार भारतीय सवार

**नई दिल्ली/कीव।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच यूक्रेन के प्रमुख काला सागर बंदरगाह ओडेसा पर शनिवार को एक मालवाहक जहाज पर हुए हमले में चार भारतीय नागरिकों के सवार होने की जानकारी सामने आई है। भारतीय दूतावास के अनुसार जहाज पर मौजूद चार भारतीयों में से दो सुरक्षित हैं, जबकि दो अन्य नागरिकों का अब तक पता नहीं चल सका है। लापता भारतीयों की तलाश के लिए राहत एवं बचाव अभियान जारी है। जानकारी के अनुसार एमवी एजीएन रैगनार नामक मालवाहक जहाज शनिवार (25 जुलाई) को ओडेसा बंदरगाह पर मौजूद था, तभी उस पर हमला हुआ। ओडेसा यूक्रेन का सबसे महत्वपूर्ण समुद्री बंदरगाहों में से एक है और रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से यह क्षेत्र कई बार हमलों का निशाना बन चुका है। कीव स्थित भारतीय दूतावास ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि वह पूरे घटनाक्रम पर लगातार नजर बनाए हुए है। दूतावास स्थानीय प्रशासन और संबंधित एजेंसियों के साथ संपर्क में है तथा लापता भारतीय नागरिकों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। दूतावास ने कहा कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### शिवकाशी में अवैध पटाखा गोदाम में भीषण विस्फोट, तीन की मौत; कई घायल

**चेन्नई।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के शिवकाशी के निकट रविवार को एक अवैध पटाखा गोदाम में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। विस्फोट के बाद लगी भीषण आग और लगातार हो रहे धमाकों से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद बड़ी संख्या में पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। जानकारी के अनुसार यह हादसा शिवकाशी तालुक के सेंगामलपट्टी गांव में स्थित एक अवैध पटाखा गोदाम एवं निर्माण इकाई में हुआ, जहां कथित रूप से अवैध तरीके से पटाखों का निर्माण और भंडारण किया जा रहा था। अचानक हुए तेज विस्फोट से पूरी इमारत हिल गई और देखते ही देखते आग ने पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। लगातार फट रहे पटाखों के कारण आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया और आसमान में काले धुएं का घना गुबार छा गया।

## राम मंदिर चढ़ावा मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे और दान के प्रबंधन में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच से संबंधित याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार विशेष जांच दल (एसआईटी) के पुनर्गठन को लेकर अपना पक्ष अदालत के समक्ष स्पष्ट कर सकती है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी। मोहन की पीठ करेगी। सुप्रीम कोर्ट की कार्यसूची के अनुसार, इस मामले से जुड़ी चार याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई होगी। इनमें अधिवक्ता नरेंद्र कुमार गोस्वामी, अजय कुमार राय, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सांसद सुधाकर सिंह तथा हिंदू धर्म परिषद की ओर से दायर याचिकाएं शामिल हैं। याचिकाओं में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को मिले दान और चढ़ावे के प्रबंधन में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की गई है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से जांच कर रही एसआईटी के पुनर्गठन पर विचार करने को कहा था। अदालत ने सुझाव दिया था कि जांच का नेतृत्व एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को सौंपा जाए, ताकि जांच निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से अपने तार्किक निष्कर्ष तक पहुंच सके। साथ ही अदालत ने यह भी कहा था कि इस मामले का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए और न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने से बचना आवश्यक है। सुनवाई के दौरान केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया था कि मामले की जांच जारी है और अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने यह भी कहा था कि मामले से संबंधित स्थिति रिपोर्ट अदालत में सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत कर दी गई है तथा सभी डिजिटल साक्ष्य और रिकॉर्ड सुरक्षित रखे गए हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से मंदिर में प्राप्त दान और चढ़ावे से जुड़े सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने तथा प्रबंधन व्यवस्था में अधिक पारदर्शिता लाने की मांग की गई है। वहीं, एक याचिका में मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का भी अनुरोध किया गया है। आज की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट एसआईटी के पुनर्गठन, जांच की प्रगति और आगे की कार्रवाई को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दे सकता है। अदालत की कार्यवाही पर सभी पक्षों की नजर बनी हुई है।

## कारगिल के वीरों को अखिलेश का नमन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने रविवार को कारगिल विजय दिवस और संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित पार्टी के राज्य मुख्यालय के डॉ। राममनोहर लोहिया सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और सेना की इंजीनियरिंग रेजीमेंट के लांस नायक राम भुवाल, जिन्होंने कारगिल युद्ध में अपने दोनों पैर गंवाए थे, को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में अखिलेश यादव ने कहा कि 26 जुलाई भारतीय इतिहास का गौरवशाली दिन है। इस दिन देश कारगिल विजय दिवस के रूप में भारतीय सेना के अदम्य साहस और बलिदान को याद करता है, वहीं सामाजिक न्याय और संविधान के मूल्यों को भी सम्मान देने का अवसर है। उन्होंने कहा कि आरक्षण व्यवस्था के माध्यम से सामाजिक न्याय की भावना को मजबूती मिली और संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना विपरीत परिस्थितियों में भी देश की सीमाओं की रक्षा करती है और सैनिक अपने प्राणों की परवाह किए बिना राष्ट्र की सुरक्षा में जुटे रहते हैं।

## तीन बच्चों को साड़ी से बांध पोखरी में कूदी महिला, दो मासूम बेटों की मौत

**आजमगढ़(एजेंसी)।** जिले के सरायमीर थाना क्षेत्र के करछा गांव में रविवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक महिला अपने तीन बच्चों को साड़ी से बांधकर पोखरी में कूद गई। हादसे में दो मासूम बेटों की डूबने से मौत हो गई, जबकि आठ वर्षीय बेटी ने किसी तरह साड़ी का बंधन खोलकर अपनी जान बचा ली। महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस और परिजनों के अनुसार, जयप्रदा (26), पत्नी बिंदलेश यादव, रविवार सुबह अपने तीनों बच्चों को दवा दिलाने की बात कहकर घर से निकली थीं। वह सरायमीर कस्बे में वी-मार्ट के पीछे स्थित एक पोखरी के पास पहुंचीं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वहां उन्होंने अपनी साड़ी से तीनों बच्चों को बांधा और पोखरी में छलांग लगा दी। इस दौरान उनकी आठ वर्षीय बेटी मानवी किसी तरह साड़ी का बंधन खोलने में सफल रही और पोखरी से बाहर निकल आई। बच्ची लगभग तीन किलोमीटर पैदल चलकर गांव पहुंची और

## कांवड़ यात्रा के लिए योगी सरकार की व्यापक तैयारी, अतिरिक्त बसें चलेंगी, 24 घंटे सक्रिय रहेगा



**लखनऊ(एजेंसी)।** श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। आगामी 30 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) अतिरिक्त बसों का संचालन करेगा। साथ ही यात्रा की निगरानी और संचालन व्यवस्था पर नजर रखने के लिए प्रत्येक क्षेत्रीय मुख्यालय पर 24 घंटे सक्रिय रहने वाला कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और बेहतर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि बसों के संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी कर ली जाएं। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु नारायण सिंह ने बताया कि प्रत्येक क्षेत्रीय मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम यात्रा प्रारंभ होने से लेकर उसके समापन तक लगातार 24 घंटे कार्य करेगा। कंट्रोल रूम के माध्यम से बसों के संचालन, यात्रियों की आवाजाही और मार्गों की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जाएगी तथा सभी गतिविधियों का रिकॉर्ड भी तैयार किया जाएगा। परिवहन विभाग के अनुसार कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि होती है। इसे देखते हुए हरिद्वार मार्ग पर अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। इसके अलावा लखनऊ, अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज सहित प्रमुख धार्मिक मार्गों पर भी यात्रियों की संख्या के अनुसार अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सरकार ने कांवड़ मार्ग पर स्थित सभी प्रमुख बस स्टेशनों पर यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## कारगिल विजय दिवस पर शौर्य को नमन

### राज्यपाल गुरमीत सिंह ने बलिदानी जवानों को दी श्रद्धांजलि



**देहरादून।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर उत्तराखंड में शहीद सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह रविवार को देहरादून स्थित चीड़बाग शौर्य स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने कारगिल युद्ध में देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने वीर नारियों का सम्मान कर उनके त्याग और धैर्य को भी नमन किया। राज्यपाल ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक सैन्य विजय का प्रतीक नहीं, बल्कि देश के उन अमर वीरों के अद्वितीय साहस, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का स्मरण करने का दिन है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश उन वीर सपूतों को कृतज्ञ भाव से याद कर रहा है, जिनकी वीरता के कारण भारत ने कारगिल की कठिन लड़ाई में ऐतिहासिक विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सदैव वीरों की भूमि रहा है और कारगिल युद्ध में राज्य के 75 जवानों ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। इसके साथ ही राज्य के सैनिकों को 39 वीरता पुरस्कार भी प्राप्त हुए, जो उत्तराखंड की गौरवशाली सैन्य परंपरा का प्रमाण हैं। राज्यपाल ने कहा कि इन वीर सैनिकों ने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, विषम मौसम और दुर्गम पहाड़ियों में अदम्य साहस का परिचय देते हुए देश की सीमाओं की रक्षा की और दुश्मन को पराजित कर भारत का मान बढ़ाया। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने वीर नारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके पति, पुत्र और परिवार के सदस्यों ने राष्ट्र की रक्षा के लिए जो सर्वोच्च बलिदान दिया है, उसे देश कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा कि आज जिन वीर नारियों का सम्मान किया गया है, उनके प्रति पूरा राष्ट्र सम्मान और कृतज्ञता का भाव रखता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार और समाज हर परिस्थिति में वीर परिवारों के साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि आज स्वर्गलोक में विराजमान हमारे वीर योद्धा भी यह देख रहे होंगे कि देश उनके परिवारों का सम्मान कर रहा है और उनके योगदान को सदैव याद रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहीद सैनिकों का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और हमें उनसे राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की भावना सीखनी चाहिए। इस अवसर पर

## स्वतंत्रता दिवस तक दिल्ली में कड़ी सुरक्षा



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** आगामी स्वतंत्रता दिवस और राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए केंद्र सरकार ने दिल्ली में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और उसकी विशेष इकाई रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की तैनाती बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब 15 अगस्त तक दिल्ली में सीआरपीएफ और आरएएफ की कुल 83 कंपनियां तैनात रहेंगी। इन कंपनियों में तीन महिला कंपनियां भी शामिल हैं, जो दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करेंगी। अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल राजधानी में सीआरपीएफ की 50 कंपनियां पहले से तैनात हैं। सुरक्षा समीक्षा के बाद अतिरिक्त कंपनियों की तैनाती का फैसला लिया गया है, ताकि राष्ट्रीय राजधानी में किसी भी संभावित चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। हाल के विरोध-प्रदर्शनों और कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए दिल्ली पुलिस के अनुरोध पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले अर्धसैनिक बलों की 45 अतिरिक्त कंपनियों की तैनाती को मंजूरी दी थी। इन कंपनियों को प्रारंभिक रूप से 27 जुलाई तक दिल्ली में तैनात रहने के निर्देश दिए गए थे। उस समय सुरक्षा व्यवस्था के तहत सीआरपीएफ की 24 कंपनियां, आरएएफ की 15 कंपनियां, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की तीन कंपनियां, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की एक कंपनी तथा सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की दो कंपनियां दिल्ली में

# 'मन की बात' में गूंजी बिजनौर की 'विदुर प्रेरणा स्वदेशी हर्बल टी', महिला सशक्तिकरण का राष्ट्रीय मॉडल बनी पहल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में बिजनौर जिले की महिलाओं द्वारा तैयार 'विदुर प्रेरणा स्वदेशी हर्बल टी' का उल्लेख होने के बाद उत्तर प्रदेश की इस पहल को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इसे महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण उद्यमिता का सशक्त मॉडल बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा इस पहल की सराहना किया जाना प्रदेश की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी लाखों महिलाओं के लिए गर्व, सम्मान और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'वोकल फॉर लोकल', 'आत्मनिर्भर भारत' और महिला सशक्तिकरण जैसे अभियानों को लगातार नई दिशा मिल रही है। बिजनौर की महिलाओं की यह सफलता इसी परिवर्तनकारी सोच का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसने स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का कार्य किया है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि बिजनौर जिले के विकास खंड कोतवाली के ग्राम लखीवाला की स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए 'विदुर प्रेरणा स्वदेशी हर्बल टी' तैयार की है। यह हर्बल चाय लेमनग्रास, गिलोय, मुलेठी, तुलसी, कच्ची हल्दी, दालचीनी, इलायची और सौंफ जैसी प्राकृतिक एवं औषधीय गुणों से भरपूर सामग्री से बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि लगभग एक लाख रुपये की छोटी शुरुआत से शुरू हुआ यह प्रयास आज देश के प्रतिष्ठित संस्थानों तक अपनी पहचान बना चुका है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अपनी मजबूत संभावनाएं बना रहा है। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने स्वयं सहायता समूह की सभी महिलाओं और पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 'मन की बात' में इस पहल का उल्लेख किए जाने से उत्तर प्रदेश की ग्रामीण महिलाओं का आत्मविश्वास और बढ़ेगा। इससे स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और वैश्विक बाजार तक पहुंचाने के अभियान को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी महिलाओं ने अपनी मेहनत, गुणवत्ता और नवाचार के बल पर यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण भारत की महिलाएं आज केवल परिवार की आय बढ़ाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि रोजगार सृजन और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि दिसंबर 2023 में जिला प्रशासन, बिजनौर की पहल पर स्थापित 'विदुर प्रेरणा स्वदेशी' आज एक सफल सामुदायिक ब्रांड बन चुका है। वर्तमान में इस ब्रांड के तहत 160 से अधिक उत्पादों का उत्पादन और विपणन स्वयं सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस ब्रांड का कारोबार 12 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच चुका है। इसके उत्पाद प्रदेश में 100 से अधिक 'विदुर प्रेरणा स्वदेशी' आउटलेट्स तथा 64 से अधिक 'विदुर प्रेरणा कैफे' के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। हर्बल टी का विपणन मुरादाबाद सहित कई अन्य जनपदों में भी सफलतापूर्वक किया जा रहा है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह ब्रांड ग्रामीण महिलाओं को स्थायी बाजार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके उत्पादों के प्रभावी विपणन का मजबूत माध्यम बन गया है। इसी का परिणाम है कि बिजनौर जिले में 30 हजार से अधिक 'लखपति दीदियों' के निर्माण में इस पहल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# छत्रपति शाहूजी महाराज की सामाजिक न्याय क्रांति पर प्रांतीय बौद्ध धम्म अधिवेशन आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बाबा साहब का मिशन इकाई द्वारा छत्रपति शाहूजी महाराज की सामाजिक न्याय क्रांति के 124 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चरण सिंह ऑडिटोरियम, सहकारिता भवन में एक दिवसीय प्रांतीय बौद्ध धम्म अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में प्रदेश के सभी 75 जिलों के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में बौद्ध अनुयायियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के संस्थापक एवं पूर्व विधायक धर्म प्रकाश भारती बौद्ध उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय बौद्ध महासभा पिछले लगभग 20 वर्षों से पूरे भारत में सामाजिक परिवर्तन, बौद्ध धम्म के प्रचार-प्रसार तथा बहुजन महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे संगठन से जुड़कर समाज निर्माण एवं सामाजिक जागरूकता के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के विचारों को अपनाकर ही समतामूलक एवं न्यायपूर्ण समाज की स्थापना संभव है। अधिवेशन में सामाजिक न्याय, शिक्षा, संगठन विस्तार और बौद्ध धम्म के प्रसार से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में जागरूकता बढ़ाना तथा बहुजन समाज के महापुरुषों के विचारों को व्यापक स्तर पर पहुंचाना रहा। इस अवसर पर प्रगतिशील खटीक समाज, कानपुर के श्रद्धेय जी.डी. सोनकर, राजेश कुमार सोनकर, अनूप चंद सोनकर, शैलेंद्र नाथ सोनकर, सुनील सोनकर, राज नारायण सोनकर, निर्दोष कुमार सोनकर एवं संतोष सोनकर विशेष रूप से अधिवेशन में शामिल हुए। उन्होंने सामाजिक न्याय, शिक्षा और संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने छत्रपति शाहूजी महाराज, डॉ. भीमराव आंबेडकर तथा अन्य बहुजन महापुरुषों के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। अधिवेशन का समापन सामाजिक समरसता, शिक्षा के प्रसार और बौद्ध धम्म के प्रचार-प्रसार के संकल्प के साथ हुआ।

# मंदिर लूट, पेपर लीक और पुलिस कार्रवाई पर बीजेएसपी का हमला, प्रधानमंत्री व गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भारतीय जन समाज पार्टी* के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने आज कहा कि प्रदेश और देश की हालत यह है कि 'राजा भी इनका है, सरकार भी इनकी है ', फिर भी जनता लूटी जा रही है। उन्होंने कहा 'जब सत्ता और सिस्टम दोनों एक ही हाथ में हैं, तो मंदिर में लूट कैसे हो गई? उस मुद्दे को क्यों दबा दिया गया? पेपर लीक एक संगठित अपराध बन चुका है। लाखों छात्रों का भविष्य बर्बाद हो गया। *धर्मेंद्र प्रधान जी पर त्रष्ट प्रकरण* का ठप्पा था, फिर भी नैतिकता की बात नहीं हुई।'

### भारतीय जन समाज पार्टी ने 5 गंभीर आरोप लगाए:

1. मंदिर लूट कांड को सरकार ने जानबूझकर दबाया। आस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कार्यवाही नहीं।
2. पेपर लीक माफिया* को संरक्षण। छात्रों का भविष्य बेचा जा रहा है।
3. पुलिस की बर्बरता - जिन पुलिस वालों ने बिना नेम प्लेट के छात्रों पर मारपीट और अत्याचार किया, और पुलिस भर्ती में धांधली की, उन पर आज तक जेल की कार्यवाही नहीं। यदि *नालायकों द्वारा पुलिस बल पर पत्थरबाजी को माफ किया गया तो सामाजिक अनुशासन कठिन हो जाएगा।
4. EVM पर जनता का भरोसा खत्म। लोकतंत्र बचाने के लिए EVM हटाई जाए और बैलेट पेपर से चुनाव हो।
5. शराब माफिया, भूमाफिया, अवैध बिल्डिंग - पराग चौराहा जैसी जगहों पर आम जनता त्रस्त है।

**भारतीय जन समाज पार्टी की मांग:**

1. प्रधानमंत्री और गृहमंत्री नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफा दें।
2. मंदिर लूट और पेपर लीक की CBI जांच हो। दोषियों पर गैंगस्टर और NSA लगे।
3. EVM प्रणाली समाप्त कर देश में बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाएं।
4. दोषी पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को तुरंत निलंबित कर जेल भेजा जाए।
5. पराग चौराहा जैसी अवैध शराब दुकानें और अवैध कमर्शियल बिल्डिंग 7 दिन में सीज हों। यदि 7 दिन के अंदर कार्यवाही नहीं हुई तो भारतीय जन समाज पार्टी क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर प्रदेशव्यापी आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होगी।

# लखनऊ विश्वविद्यालय में एम.एड. की छात्रा अनम वसी बनीं विश्वविद्यालय टॉपर, दो स्वर्ण पदकों से होंगी सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में अनम वसी को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलधि के लिए 'मास्टर कन्हैयालाल-श्रीमती सुंदर देवी मेमोरियल गोल्ड मेडल' तथा 'श्रीमती कैलाशवती मेमोरियल गोल्ड मेडल' से समानित किया जाएगा। संस्थान की सचिव डॉ. सुमन मेहरोत्रा ने अनम वसी को इस गौरवपूर्ण उपलधि एवं विश्वविद्यालय से मिलने वाले दोनों स्वर्ण पदकों के लिए अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रा की अथक मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा संस्थान की गुणवात्तापूर्ण शैक्षणिक व्यवस्था का प्रतिफल है।**

**सीतापुर।** लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा एम.एड. परीक्षा परिणाम घोषित होते ही जनपद सीतापुर में हर्ष की लहर दौड़ गई। सीतापुर स्थित सीतापुर शिक्षा संस्थान की एम.एड. प्रशिक्षु अनम वसी ने पूरे लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल संस्थान, बल्कि पूरे जनपद का नाम गौरवान्वित हुआ है। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में अनम वसी को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए 'मास्टर कन्हैयालाल-श्रीमती सुंदर देवी मेमोरियल गोल्ड मेडल' तथा 'श्रीमती कैलाशवती मेमोरियल गोल्ड मेडल' से सम्मानित किया जाएगा। संस्थान की सचिव डॉ. सुमन मेहरोत्रा ने अनम वसी को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि एवं विश्वविद्यालय से मिलने वाले दोनों स्वर्ण पदकों के लिए अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रा की अथक मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक व्यवस्था का प्रतिफल है। उन्होंने महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अनम की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार मौर्य ने कहा, 'अनम वसी प्रारंभ से ही अत्यंत प्रतिभाशाली, अनुशासित एवं परिश्रमी छात्रा रही हैं। उन्होंने नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थिति दर्ज कराई तथा शैक्षणिक, शोध एवं प्रशिक्षण संबंधी सभी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करना पूरे संस्थान परिवार के लिए गर्व, सम्मान और हर्ष का विषय है। हमें विश्वास है कि वह भविष्य में भी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगी।'

अनम वसी के शोध निदेशक डॉ. इमरान खान ने कहा, 'अनम वसी ने शोध कार्य, सेमिनार, प्रेजेंटेशन, शोध-पत्र प्रस्तुतीकरण एवं सभी प्रशिक्षण गतिविधियों में सदैव उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनकी समयबद्धता, अनुशासनप्रियता और सीखने की लगन उन्हें अन्य विद्यार्थियों से अलग पहचान दिलाती है। लखनऊ विश्वविद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त करना उनके समर्पण और कठिन परिश्रम का परिणाम है। यह उपलब्धि हम सभी शिक्षकों के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। मैं उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। 'अनम वसी की इस शानदार सफलता पर संस्थान में उत्साह

## संक्षिप्त खबरें

### कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को नमन किया

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 26 जुलाई, दिनः शनिवार इंदिरानगर आवासीय महासमिति द्वारा कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को नमन किया गया। महासमिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने कारगिल दिवस पर नमन करते हुए बताया है कि, इंदिरा नगर सेक्टर - 8 में इंदिरानगर आवासीय महासमिति द्वारा कारगिल पर विजय फतेह करने वाले वीर शहीद कैप्टन मनोज पाण्डेय के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प चढ़ाकर नमन किया गया और कैप्टन मनोज पांडे अमर रहे के नारे लगाए गये। इस पुण्य अवसर पर देवीशरण त्रिपाठी, पवन कुमार जैन, सुभाष शर्मा, कैलाश जैन, सुनीता श्रीवास्तव, सुरेश पाण्डेय, आर.के. उमराव, महेश वाल्मीकि, अशोक वर्मा, नवीन सिंह शामिल रहे।

### रास्ते से निकलने के विवाद में चले लाठी-डंडे, मां-बेटा गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल रेफर

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के बिसवां कोतवाली क्षेत्र के अनंतपुर गांव में रविवार दोपहर करीब 12 बजे रास्ते से निकलने को लेकर हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें मां और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

# रास्ते से निकलने के विवाद में चले लाठी-डंडे, मां-बेटा गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल रेफर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के बिसवां कोतवाली क्षेत्र के अनंतपुर गांव में रविवार दोपहर करीब 12 बजे रास्ते से निकलने को लेकर हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें मां और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर अनंतपुर गांव निवासी बबलू और दूसरे पक्ष के सुरेंद्र के बीच रास्ते से निकलने को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सुरेंद्र, विकास, शिवानी समेत चार लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई, जिससे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया मारपीट के दौरान 52 वर्षीय राजकुमारी पत्नी रामकुमार और उनके 35 वर्षीय बेटे बबलू कुमार पुत्र रामकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों और ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर किसी तरह दोनों को मौके से हटाया और तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में मां-बेटे का उपचार जारी है। चिकित्सकों की निगरानी में दोनों का इलाज किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विवाद की वजह रास्ते से निकलने को लेकर हुआ आपसी विवाद बताया जा रहा है पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों से तहरीर मिलने के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। गांव में स्थिति सामान्य है!!

# कारगिल विजय दिवस पर लखनऊ में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि, वीर नारियों व शहीद परिवारों का सम्मान

**कारगिल शहीद स्मृति वाटिका में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, मंत्री ए.के. शर्मा और महापौर सुषमा खर्कवाल रहे मौजूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** 27वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर नगर निगम लखनऊ की ओर से कारगिल शहीद स्मृति वाटिका में अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा शहीद परिवारों, वीर माताओं और वीर नारियों के सम्मान में भव्य एवं गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर विकास, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री ए.के. शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा कारगिल के अमर शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पूर्व सैनिकों और नागरिकों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और राष्ट्रभक्ति को नमन किया। समारोह में विधायक डॉ. नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, पवन सिंह चौहान, संतोष सिंह, पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी 'गुड्डू', नगर आयुक्त गौरव कुमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्षद, पूर्व सैनिक, वीर माताएं, वीर नारियां और शहीद परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। 'वंदे मातरम् ', 'ऐ मेरे वतन के लोगों ', 'सौगंध मुझे इस मिट्टी की' और 'चट्टानों से लड़ो, आगे बढ़ो' जैसी प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया और उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने अपने संबोधन में कहा कि कारगिल विजय दिवस भारत के शौर्य, त्याग और अदम्य साहस का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सैनिक परिवार से जुड़ी होने के कारण वह वीर जवानों के बलिदान का महत्व भली-भांति समझती हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ की धरती ने भी देश को अनेक वीर सपूत दिए हैं और शहीद परिवारों का सम्मान करना पूरे समाज का दायित्व है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए शहीदों के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण शहर के लिए गर्व का विषय है। समारोह में कारगिल युद्ध के परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज कुमार पांडेय के परिजनों सहित लांस नायक केवलानंद द्विवेदी, राइफलमैन सुनील जंग तथा अन्य शहीद सैनिकों के परिजनों, वीर माताओं और वीर नारियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा शहीद राजवीर सिंह, मुकेश चंद्र शर्मा, अरुण कुमार त्रिपाठी, हर्षवर्धन सिंह बिष्ट, रामानंद सिंह, भूपेंद्र मेहरा, शशिकांत यादव, नरेंद्र तिवारी सहित अनेक वीर सैनिकों के परिवारों को भी सम्मानित किया गया।

## अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय महोदय सीतापुर के यहां दिनांक-17-08-2026 वाद संख्या-2179/2025 अंतर्गत धारा-12 घरेलू हिंसा थाना लहरपुर परिवाद विचाराधीन है जिसमें शीबू उम्र 32 वर्ष व आमिर उम्र 34 वर्ष पुत्रगण शकील अहमद व मारिया पुत्री शकील अहमद सर्वनिवासीगण ग्राम हफीजपुर थाना गोला जनपद लखीमपुर के निवासी है। उपस्थित दिनांक-17-08-2026 के न्यायालय श्रीमान जी के समक्ष उपस्थित हो अन्यथा एक पक्षीय रूप में कार्यवाही संपन्न होगी।

# मानसिक रोग एवं बौद्धिक अक्षमता से ग्रसित लोगों को नालसा योजना के तहत मिलेगी निःशुल्क विधिक सहायता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** मानसिक रोग एवं बौद्धिक अक्षमता से ग्रसित व्यक्तियों को न्याय तक आसान और प्रभावी पहुंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की 'लीगल सर्विसेज टू पर्सन्स विद मेंटल इलनेस एंड पर्सन्स विद इंटेलेक्चुअल डिसएबिलिटी स्कीम-2024' लागू की गई है। इस योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता, कानूनी परामर्श और न्यायिक प्रक्रियाओं में सहयोग प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के प्रभारी सचिव जीवक कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य मानसिक रोग अथवा बौद्धिक अक्षमता से पीड़ित व्यक्तियों को गरिमापूर्ण जीवन, समान अवसर और न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करना है, ताकि वे अपने संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों का प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकें। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ मानसिक रोग अथवा बौद्धिक अक्षमता से ग्रसित सभी पात्र व्यक्तियों को मिलेगा। इसके अलावा मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों में निवासरत मरीजों तथा ऐसे बंदियों को भी योजना के दायरे में शामिल किया गया है, जो मानसिक बीमारी या बौद्धिक अक्षमता से पीड़ित हैं। योजना के तहत प्रशिक्षित पैनल अधिवक्ताओं, पैरालीगल वालंटियर्स तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से लाभार्थियों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जरूरत पड़ने पर पुलिस थानों, न्यायालयों और अन्य प्रशासनिक कार्यालयों में भी विधिक सहयोग दिया जाएगा, ताकि पीड़ितों को न्याय पाने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। प्रभारी सचिव ने बताया कि योजना के अंतर्गत दीवानी, आपराधिक एवं प्रशासनिक मामलों में निःशुल्क विधिक सहायता दी जाएगी। साथ ही विधिक सहायता क्लीनिकों के माध्यम से परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों, जेलों, बाल संरक्षण गृहों और महिला संरक्षण गृहों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर लाभार्थियों के घर जाकर भी विधिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# अंतरराज्यीय नकली दवा निर्माण गिरोह का भंडाफोड़, मेरठ-बागपत व उत्तराखंड में छापेमारी; 6 लाख कैप्सूल और मशीनें बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश में नकली एवं अवैध दवाओं के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए), उत्तर प्रदेश ने एक अंतरराज्यीय नकली दवा निर्माण रैकेट का पर्दाफाश किया है। मेरठ, बागपत और उत्तराखंड के उधम सिंह नगर में संयुक्त छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में मशीनरी, छह लाख कैप्सूल तथा अन्य सामग्री बरामद की गई है। मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मेरठ के इंचोली थाने में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की गई है। विभाग के अनुसार, 24 जुलाई को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सहायक आयुक्त (औषधि) मेरठ मंडल के नेतृत्व में औषधि निरीक्षकों और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संयुक्त टीम ने मेरठ के इंचोली थाना क्षेत्र स्थित ग्राम खरदौनी शेखपुर में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान ब्लिस्टर पैकिंग मशीन, कंप्रेसर मशीन तथा दवाओं की पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरण बरामद किए गए। जांच में खुलासा हुआ कि उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित मैसर्स आर.एस. ग्लोबल फार्मा तथा मुख्य आरोपी विकास चौहान और उसके सहयोगी राजेंद्र सिंह उर्फ अरुण कुंडा की मिलीभगत से विटामिन-ई के 10 एमजी कैप्सूल को प्रसिद्ध ब्रांड 'Evion 400' के लेबल में पैक कर बाजार में औषधि के रूप में बेचा जा रहा था। इस प्रकार फूड सप्लीमेंट को कथित तौर पर औषधि के रूप में प्रस्तुत कर उपभोक्ताओं को गुमराह किया जा रहा था। जांच के क्रम में 25 जुलाई को रुद्रपुर स्थित आर.एस. ग्लोबल फार्मा का निरीक्षण किया गया। इसके बाद बागपत के खेकड़ा क्षेत्र स्थित मैसर्स प्रेस्कॉट फार्मा जेल प्राइवेट लिमिटेड में भी संयुक्त छापेमारी की गई। जांच में सामने आया कि कंपनी के पास केवल फूड हेल्थ सप्लीमेंट और न्यूट्रास्यूटिकल्स के निर्माण का एफ एस एस एआई लाइसेंस था, जिसके तहत केवल 10 एमजी विटामिन-ई कैप्सूल बनाने की अनुमति थी। अधिकारियों के अनुसार, निर्माता कंपनी ने नियमों का उल्लंघन करते हुए लगभग छह लाख बिना पैकिंग वाले विटामिन-ई 10 एमजी सॉफ्ट जेल कैप्सूल रुद्रपुर स्थित फर्म को उपलब्ध कराए।

# संपादकीय

## संस्थागत बीमारी है पेपर लीक

संसद का मानसून सत्र शुरू होने के कुछ हफ्ते पहले नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के साथ दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे समूह काकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी को कुछ अहमियत तब मिली, जब लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने अनशन प्रारंभ किया। 18 जुलाई को जब दिल्ली पुलिस ने सोनम वांगचुक को अस्पताल ले जाकर भर्ती किया तो जंतर-मंतर पर भीड़ कुछ बढ़नी शुरू हुई। 20 जुलाई को संसद शुरू होने के दिन सीजेपी के संसद मार्च के पहले जंतर-मंतर पर अच्छी-खासी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने जब भीड़ को संसद की ओर जाने से रोका तो कुछ शरारती तत्वों ने उस पर पथराव करना और बैरिकेडिंग लांघना शुरू कर दिया। पुलिस ने भीड़ को संसद की ओर जाने से रोकने के लिए जो सख्ती दिखाई, उसने यह बताया कि वह न तो भीड़ का अनुमान लगा सकी और न ही उससे निपटने के लिए ठोस रणनीति बना सकी। इस पर हैरानी नहीं कि उसकी सख्ती एक मुद्दा बन गई, लेकिन सच यह भी है कि भीड़ में कुछ तत्व पुलिस को निशाना बनाने की तैयारी से आए थे। यह माहौल बनाना सही नहीं कि भीड़ ने कुछ नहीं किया और पुलिस ने बेवजह बल प्रयोग किया। आखिर घायलों में प्रदर्शनकारियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी भी हैं। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि अपने समर्थकों में कुछ अराजक तत्वों के घुस आने की बात सीजेपी प्रमुख ने भी मानी। सीजेपी के संसद मार्च में हिंसा के बाद राजनीतिक दलों को सरकार के खिलाफ एक मुद्दा मिल गया और वे उसे भुनाने के लिए एक-दूसरे से होड़ में लग गए। कांग्रेस ने जब यह देखा कि सीजेपी को महत्ता मिल रही है तो राहुल गांधी अचानक प्रधानमंत्री आवास के निकट धरना देने पहुंच गए। आम आदमी पार्टी को यह रास नहीं आया और उसने आपत्ति जताते हुए भाजपा-कांग्रेस में मिलीभगत का आरोप लगा दिया। साफ है विपक्ष का रवैया छात्र हित के बहाने अपनी राजनीति चमकाने वाला अधिक रहा। अनशन तोड़ चुके सोनम वांगचुक को खारिज कर रही कांग्रेस इससे चिंतित दिखी कि कहीं सीजेपी को समर्थन देना उसके लिए राजनीतिक रूप से हानिकारक न हो जाए। कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों की चिंता का एक कारण यह भी रहा कि नीट पेपर लीक मामले में उसके विरोध से अधिक महत्ता एक नए बने संगठन को मिल गई। यह उनकी चिंता का कारण बनना भी चाहिए, क्योंकि यह स्थिति जनता में उनके प्रति भरोसे की कमी को दिखाती है। विपक्षी दल धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र की घोषणा को अपनी जीत बता सकते हैं, लेकिन यह सीजेपी के बैनर तले आए छात्रों के दबाव का नतीजा अधिक है। शिक्षा मंत्री के त्यागपत्र के पहले प्रधानमंत्री ने पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित करने के साथ ही सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम को और कठोर बनाने का फैसला किया। सरकार नीट पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के स्वजनों को मुआवजा देने समेत संसद मार्च में हिंसा के आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने की सीजेपी की मांग पर भी सहमत हो गई। इसके बाद सीजेपी प्रदर्शन खत्म करने को तैयार हो गई, लेकिन यदि यह समझा जा रहा है कि शिक्षा मंत्री के त्यागपत्र से परीक्षा के मोर्चे पर सब कुछ ठीक हो जाएगा तो यह सही नहीं, क्योंकि पेपर लीक एक संस्थागत बीमारी है। यह बीमारी केवल प्रतियोगी परीक्षाओं तक सीमित नहीं। अब तो शिक्षक ही पेपर लीक कराने में शामिल पाए जा रहे हैं। सब जानते हैं कि स्कूली परीक्षाओं में भी नकल होती है और इन परीक्षाओं के भी पेपर लीक किए और कराए जाते हैं। नकल एक सामाजिक बुराई बन गई है। आज जो छात्र पेपर लीक मसले पर उग्र हैं, उनमें से अनेक यह जानते होंगे कि उनके कई साथी नकल करके पास होते रहे हैं। क्या सीजेपी यह मांग करेगी कि सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के दायरे में परीक्षाओं में नकल करने और कराने वाले भी लिए जाएं या फिर इसके लिए कोई नया कानून बनाया जाए ?

# प्रधानमंत्री के सेल्फी वीडियो संवाद के नीतिगत व सियासी मायने

जब नई दिल्ली सहित देश के विभिन्न हिस्सों में छात्र राजनीति गरमाई तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद ही मोर्चा संभाल लिया और सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर किए अपने एक लगभग 2.55 मिनट के सेल्फी वीडियो पोस्ट के माध्यम से जेन-जी से संवाद स्थापित कर विपक्षी नेताओं के सियासी चक्रब्यूह को सफलतापूर्वक भेद दिया। छात्र आंदोलन के दृष्टिगत प्रधानमंत्री के सेल्फी वीडियो संवाद के नीतिगत व सियासी मायने दूरगामी प्रभाव वाले साबित होंगे।इस बात में कोई दो राय नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी के इस निर्णायक पहल से पुन: यह स्पष्ट हो गया कि पीएम मोदी भारतीय राजनीति पर गहरी पकड़ रखते हैं और जब जब सियासी फुटबॉल सुर्खियों में आता है, तब तब वह खुद ही आगे आकर कांग्रेस के नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ राजनीतिक मैदान का तगड़ा गोल मारते हुए उन्हें अप्रासंगिक बना डालते हैं। बीते 12 वर्षों में ऐसे कई मौके आए जब भाजपा का विकल्प बनने चला कांग्रेस नीत विपक्ष अपने संकल्प सिद्धि की राह से ही भटक गया या प्रधानमंत्री की नीतिगत पहल से भटका दिया गया, राजनीतिक शोधकर्ताओं के लिए अनुसंधान का विषय है।बहरहाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 जुलाई दिन गुरुवार की मध्य रात अपनी एक सेल्फी-स्टाइल वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, जिसका केंद्र बिंदु हृश्वश्व्रञ्ज और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक जैसा संवेदनशील मुद्दा था। उस वीडियो में पीएम मोदी ने भावुकता भरे अंदाज में मुख्य रूप से निम्नलिखित बातें कहीं: पहला, उन्होंने कहा कि पेपर लीक कोई साधारण घटना नहीं है, बल्कि इससे लाखों छात्रों और उनके परिवारों को गहरा दुख और मानसिक पीड़ा होती है। दूसरा, उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी और पेपर लीक रोकने के लिए व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाएगा। तीसरा, उन्होंने घोषणा की कि केंद्रीय मंत्रिमंडल एक ऐसे विधेयक पर विचार करेगा, जिसमें पेपर लीक से जुड़े मामलों के लिए फास्ट-ट्रैक अदालतों का प्रावधान, दोषियों के लिए कड़े दंड, और परीक्षा प्रणाली की सुरक्षा को मजबूत करने के उपाय शामिल होंगे। चौथा और अंतिम, उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की प्राथमिकता रही कि पेपर लीक के कारण छात्रों का एक शैक्षणिक वर्ष बर्बाद न हो। देखा जाए तो यह वीडियो इसलिए भी चर्चा में रहा क्योंकि प्रधानमंत्री ने इसे रात लगभग 11:52 बजे, अपेक्षाकृत अनौपचारिक सेल्फी वीडियो के रूप में जारी किया, जिसे कई विश्लेषकों ने युवाओं, विशेषकर त्नद्गठ्ठ-ँ, से सीधे संवाद स्थापित करने की नई शैली के रूप में देखा। बाद में, उन्होंने दूसरे वीडियो में युवाओं को उनकी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए धन्यवाद भी दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दूसरे इंस्टाग्राम वीडियो में मुख्य रूप से युवाओं, खासकर छात्रों, को संबोधित किया। उनके संदेश का सार यह था कि पिछले वीडियो पर युवाओं की प्रतिक्रिया और सकारात्मक सुझावों के लिए वे आभारी हैं। उन्होंने कहा, 'Thank you, friends. कल देर रात आपसे जुड़ने का अवसर मिला। आपने मेरे वीडियो पर जिस तरह प्रतिक्रिया दी और सकारात्मक सुझाव दिए, उसके लिए आप सभी का धन्यवाद।' उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं का यह स्नेह और सुझाव सरकार के प्रयासों को और मजबूत करेंगे तथा उनका युवाओं से जुड़ाव और गहरा होगा। दरअसल, यह वीडियो उनके उस पहले इंस्टाग्राम संदेश के बाद आया, जिसमें उन्होंने NEET सहित परीक्षा-पत्र लीक के मुद्दे पर कड़ी कार्रवाई, सख्त कानून और फास्ट-ट्रैक अदालतों की बात कही थी। दूसरे वीडियो का उद्देश्य उस पहले संदेश पर मिली प्रतिक्रिया के लिए युवाओं का आभार व्यक्त करना था। राजनीतिक दृष्टि से, कई विश्लेषकों ने इसे Gen-Z युवाओं से सीधे डिजिटल संवाद स्थापित करने की रणनीति के रूप में देखा है, जबकि विपक्ष ने इसकी आलोचना भी की है। यदि बात उसी इंस्टाग्राम वीडियो और उसके बाद की घटनाओं की है, तो यह कहना अभी जल्दबाज़ी होगी कि छात्र आंदोलन पर उसका निर्णायक प्रभाव पड़ा है। अब तक मिली जानकारी के आधार पर कुछ संभावित प्रभाव दिखे हैं: जैसे आंदोलन की दिशा बदली, समाप्त नहीं हुई। हां, प्रधानमंत्री द्वारा सीधे छात्रों को संबोधित करने और पेपर लीक पर सख्त कानून तथा फास्ट-ट्रैक अदालतों की बात करने के बाद आंदोलन का फोकस केवल विरोध से हटकर सरकार के वादों के क्रियान्वयन पर भी आ गया। वहीं कुछ छात्रों में इसका सकारात्मक संदेश गया। कई छात्रों ने इसे इस संकेत के रूप में देखा कि सरकार ने उनकी चिंता को गंभीरता से लिया है और शीर्ष स्तर से प्रतिक्रिया आई है। वहीं कुछ छात्रों में संदेह भी बना रहा। खासकर छात्र संगठनों और विपक्ष के कुछ नेताओं ने कहा कि केवल घोषणा पर्याप्त नहीं है; वास्तविक बदलाव तब माना जाएगा जब पेपर लीक के मामलों में शीघ्र कार्रवाई हो, दोषियों को सजा मिले, और परीक्षा प्रणाली में ठोस सुधार दिखाई दें। लिहाजा सोशल मीडिया पर बहस तेज हुई। वीडियो के बाद #PaperLeak, #NEET और युवाओं से जुड़े विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। इससे मुद्दा सार्वजनिक विमर्श में बना रहा। जहाँ तक समग्र आकलन की बात है तो इस समय उपलब्ध संकेतों के अनुसार, प्रधानमंत्री के संदेश ने राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव अवश्य डाला है, लेकिन क्या इससे छात्र आंदोलन स्थायी रूप से कमजोर पड़ा या समाप्त हो गया, ऐसा कहना उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उचित नहीं होगा। इसका वास्तविक असर इस बात पर निर्भर करेगा कि सरकार अपनी घोषित कार्रवाइयों को कितनी जल्दी और प्रभावी ढंग से लागू करती है, और छात्र संगठन उन कदमों को कितना पर्याप्त मानते हैं। हालांकि, जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोशल मीडिया पर मध्य रात्रि में विशेष रूप से त्नद्गठ्ठ-ँ (जेन-जी) युवाओं को संबोधित किया गया, उसके कई राजनीतिक, प्रशासनिक और संचार-संबंधी मायने हो सकते हैं, जो इस प्रकार हैं:- पहला, डिजिटल पीढ़ी तक सीधे पहुंचने की रणनीति: Gen-Z पारंपरिक मीडिया की तुलना में सोशल मीडिया पर अधिक सक्रिय है। देर रात भी इस आयु वर्ग का बड़ा हिस्सा ऑनलाइन रहता है, इसलिए उस समय संदेश देना अधिक प्रभावी माना जा सकता है। दूसरा, भविष्य के मतदाताओं पर फोकस: 18-29 वर्ष के लगभग 50 करोड़ युवा मतदाता चुनावी राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए जितनी साफगोई पूर्वक उन्होंने नीट पेपर लीक मामले में अपनी सरकार का पक्ष रखा है, उसी तरह से आगे यदि संदेश रोजगार, नवाचार, स्टार्टअप, शिक्षा, कौशल या राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर केंद्रित होकर दें, तो इसे युवाओं के साथ संवाद मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा सकता है। तीसरा, प्रशासनिक संदेश: जिस तरह से नीट पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी सरकार का पक्ष रखा और दूसरे दिन ही लापरवाह अधिकारियों पर गाज गिरा दी, उससे छात्रों के बीच सकारात्मक और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच सख्त संदेश गया है। ऐसे में यदि भविष्य के संबोधन में सरकारी योजनाओं, डिजिटल सेवाओं, साइबर सुरक्षा, कौशल विकास या नागरिक भागीदारी का उल्लेख हो, तो इसका उद्देश्य युवाओं को शासन में सहभागी बनाना भी हो सकता है। चौथा, राजनीतिक संचार का नया मॉडल: सोशल मीडिया के माध्यम से सीधे संवाद करने से पारंपरिक मीडिया की मध्यस्थता कम हो गई है। क्योंकि इससे प्रधानमंत्री जैसे नेता ने अपनी बात बिना संपादकीय फिल्टर के सीधे समर्थकों और आम नागरिकों तक अपनी भावनात्मक बात पहुंचा दी है। यह बिल्कुल नई शुरुआत है। पांचवां, वैश्विक डिजिटल राजनीति का प्रभाव: दुनिया के कई नेता अब सोशल मीडिया को प्राथमिक संवाद माध्यम बना रहे हैं। ऐसे में यह कदम डिजिटल कूटनीति और आधुनिक राजनीतिक संचार की व्यापक प्रवृत्ति का हिस्सा भी हो सकता है। हालांकि विपक्ष ने उनके इस पहल की आलोचनाएं भी की हैं। विपक्ष ने इसे राजनीतिक संदेश या चुनावी छवि निर्माण का प्रयास बताया है। कुछ विशेषज्ञ ने यह प्रश्न उठाया है कि क्या देर रात का समय सभी वर्गों तक समान रूप से पहुंचने के लिए उपयुक्त है। यदि महत्वपूर्ण नीतिगत घोषणा केवल सोशल मीडिया पर की जाए, तो पारदर्शिता और संस्थागत संवाद पर भी चर्चा हो सकती है। निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि मध्य रात्रि में त्नद्गठ्ठ-ँ युवाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से संबोधित करना केवल समय का चयन नहीं, बल्कि डिजिटल संचार, युवा सहभागिता और राजनीतिक संदेश-प्रबंधन का एक रणनीतिक कदम भी है। इसकी वास्तविक राजनीतिक और प्रशासनिक व्याख्या अंतत: इस बात पर निर्भर करेगी कि संदेश का नीट पेपर लीक के बाद अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत छात्रों पर क्या प्रभाव पड़ा, उसका उद्देश्य यदि आंदोलनरत छात्रों को प्रभावित करना था, तो उसके बाद सरकार, संसद व संविधान के अन्य स्तम्भों के साथ साथ जनता की प्रतिक्रिया कैसी रही ? यह समीचीन विषय है।

# कारगिल के दुर्गम पर्वतों पर अदम्य साहस की अमर कहानी



देश कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ मना रहा है। भारतीय सेना ने 26 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध में पाकिस्तानी फौज को बुरी तरह धूल चटाई थी। भारत-पाकिस्तान के बीच जम्मू कश्मीर के कारगिल जिले में हुआ वह युद्ध 60 दिनों तक चला था और पाकिस्तान फौज की करारी शिकस्त के बाद 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ था। पाकिस्तान पर भारत की इस जीत को याद करते हुए 26 जुलाई को 'कारगिल विजय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। पाकिस्तानी सैनिकों और भाड़े के आतंकवादियों को मारकर या खदेड़कर कारगिल की चोटियों पर कब्जा करने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन विजय' के तहत तमाम बाधाओं को पार करते हुए हमारे वीर जांबाजों ने उन्हें कारगिल से खदेड़कर दुर्गम चोटियों पर जीत का परचम लहराया था लेकिन देश को इसकी बहुत भारी कीमत भी चुकानी पड़ी थी। दरअसल उस युद्ध में भारत को विजय दिलाने में भारतीय सेना के सैंकड़ों जवान शहीद हुए थे। कारगिल युद्ध में न केवल भारतीय सेना के 527 सैनिक शहीद हुए थे बल्कि दो महीने तक चले उस युद्ध के दौरान 453 आम नागरिक भी मारे गए थे। इसीलिए भारतीय सेना की उस विजय के बाद सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 26 जुलाई को भारतीय सेना के शौर्य दिवस के रूप में कारगिल विजय दिवस मनाए जाने का फैसला लिया गया। सही मायनों में कारगिल विजय दिवस भारतीय सैनिकों के साहस और बलिदान को स्मरण करने तथा उनके बलिदान को सम्मान देने का दिन है और 26 जुलाई का दिन विशेष रूप से देश के इन्हीं वीर सपूतों को समर्पित है। देश के जन-जन तक कारगिल युद्ध के इन्हीं नायकों के शौर्य और पराक्रम की गाथा पहुंचाने के लिए ही यह दिवस मनाया जाता है।1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद पहली बार कारगिल युद्ध हुआ था, जब दोनों देश सीधे तौर पर सैन्य संघर्ष में शामिल हुए थे। कारगिल युद्ध भारतीय सीमा क्षेत्र में पाकिस्तानी सैनिकों और कश्मीरी आतंकवादियों की घुसपैठ का ही परिणाम था। उस भीषण युद्ध में वायु शक्ति, तोपखाने और पैदल सेना के संचालन का व्यापक उपयोग किया गया था। युद्ध की खास बात यह थी कि वह युद्ध काफी ऊंचाई पर लड़ा गया था, जिसमें कुछ सैन्य चौकियां तो 18 हजार फुट से भी ज्यादा ऊंचाई पर स्थित थी। ऐसे में भारतीय सैनिकों के लिए वह लड़ाई बेहद चुनौतीपूर्ण थी लेकिन हमारे जांबाजों ने देश की आन-बान और शान के लिए अपने प्राणों की आहूति देकर न केवल पाकिस्तान को उसकी असली औकात दिखाई बल्कि 700 से भी ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट भी उतारा। दुश्मन को रणनीतिक स्थानों से हटाने के लिए महत्वपूर्ण हवाई हमले करते हुए भारतीय वायुसेना ने उस युद्ध के दौरान बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारतीय सेना ने युद्ध के दौरान टोलोलिंग, टाइगर हिल, प्वाइंट 4875 सहित अन्य रणनीतिक चोटियों पर फिर से कब्जा कर लिया था।कारगिल युद्ध की शुरूआत 26 मई 1999 को भारतीय सेना के हवाई हमले के साथ हुई थी। दरअसल भारतीय सेना को 3 मई 1999 को कारगिल में स्थानीय चरवाहों द्वारा पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों के बारे में सतर्क किया गया था और उसके दो ही दिन बाद 5 मई 1999 को पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सेना के कम से कम 5 जवानों को मार डाला था। उसके बाद 10 मई 1999 को भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन विजय' की शुरूआत की गई। उस दौरान कारगिल में पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सेना के गोला-बारूद भंडार को निशाना बनाया। 26 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सैनिकों पर हवाई हमला किया। 27 मई को भारतीय वायुसेना का एक मिग-27 गिर गया, जिसमें चार क्रू सदस्यों की मौत हो गई लेकिन विमान से बाहर निकलने वाले पायलट को पाकिस्तानी सैनिकों ने युद्धबंदी के रूप में पकड़ लिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 31 मई 1999 को घोषणा की कि कारगिल में युद्ध जैसी स्थिति है, जिसके बाद अमेरिका, फ्रांस सहित कुछ देशों ने अगले ही दिन भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। भारतीय सेना ने 5 जून 1999 को कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज जारी किए, जिनसे पूरी दुनिया के समक्ष पाकिस्तान की करतूत का खुलासा हुआ। भारतीय सेना ने 9 जून 1999 को कारगिल के बटालिक सेक्टर में दो महत्वपूर्ण ठिकानों पर कब्जा कर लिया। अगले ही दिन पाकिस्तान ने जाट रेजिमेंट के 6 सैनिकों के शव क्षत-विक्षत हालत में भारत को लौटाए। 13 जून 1999 को भारत ने युद्ध की दिशा बदलते हुए महत्वपूर्ण टोलोलिंग चोटी पर भी कब्जा कर लिया और प्रधानमंत्री वाजपेयी ने कारगिल का दौरा किया। अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 15 जून 1999 को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से पाकिस्तानी सैनिकों को पीछे हटाने का आग्रह किया लेकिन पाकिस्तान ने उस अपील को अनसुना कर दिया। 11 घंटे के भीषण संघर्ष के बाद भारतीय सेना ने 20 जून 1999 को टाइगर हिल के पास प्वाइंट 5060 और प्वाइंट 5100 पर भी पुन: कब्जा कर लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 5 जुलाई 1999 को नवाज शरीफ से मुलाकात की, जिसके बाद पाकिस्तान ने कारगिल से पाकिस्तानी सैनिकों को हटाने की घोषणा की। 11 जुलाई 1999 को पाकिस्तानी सैनिकों ने पीछे हटना शुरू किया और भारतीय सेना ने बटालिक की प्रमुख चोटियों पर कब्जा कर लिया। भारतीय सेना ने 14 जुलाई 1999 को 'ऑपरेशन विजय' की सफलता की घोषणा की और 26 जुलाई 1999 को वीर 527 सैनिकों की शहादत के बाद कारगिल युद्ध समाप्त हुआ। बहुत ऊंचाई पर लड़े गए उस भीषण युद्ध के दौरान अपनी बहादुरी और साहसिक कार्यों के लिए कई सैन्य अधिकारी राष्ट्रीय नायक बन गए, जिनमें 13 जेएके राइफल्स के कैप्टन विक्रम बत्रा, 18 ग्रेनेडियर्स के ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव, 1/11 गोरखा राइफल्स के लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे, 18 ग्रेनेडियर्स के लेफ्टिनेंट बलवान सिंह, एएससी, 2 राज आरआईएफ के कैप्टन एन केंगुरुसे प्रमुख रूप से शामिल हैं। युद्ध के दौरान भारत सेना के अनेक नायकों ने अपने प्राणों की आहुति इसीलिए दी ताकि पूरा देश चैन की नींद सो सके। कारगिल युद्ध में शौर्य और पराक्रम के लिए ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव तथा लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे को परमवीर चक्र और लेफ्टिनेंट बलवान सिंह को महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। कैप्टन एन केंगुरुसे को मरणोपरांत महावीर चक्र और कैप्टन विक्रम बत्रा को मरणोपरांत परमवीर चक्र प्रदान कर उनकी शहादत का सम्मान किया। कारगिल युद्ध के दौरान कैप्टन विक्रम बत्रा के शब्द, 'ये दिल मांगे मोर' तो अब भी लोगों के कानों में गूंजते हैं। कारगिल युद्ध के ऐसे ही वीर नायकों की बहादुरी, साहस और जुनून की कहानियां आज भी देश के प्रत्येक नागरिक के दिलोदिमाग में जोश भर देती हैं।

**- योगेश कुमार गोयल**




**मेष**-मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन उत्साह और नई ऊर्जा से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यक्षमता पहले से बेहतर दिखाई देगी और लंबे समय से लंबित योजनाओं को गति मिलने की संभावना है। यदि आप किसी नए कार्य की शुरुआत करना चाहते हैं तो परिस्थितियां आपके पक्ष में रह सकती हैं।

**वृषभ**-वृषभ राशि के लोगों को आज भावनाओं पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता होगी। जल्दबाजी में लिया गया कोई निर्णय बाद में परेशानी का कारण बन सकता है। कार्यस्थल पर दूसरों की बातों में आने के बजाय अपने विवेक से निर्णय लेना अधिक लाभदायक रहेगा।

**मिथुन**-मिथुन राशि के लिए आज का दिन नए प्रयोगों और नई योजनाओं के लिए अनुकूल रहेगा। व्यवसाय या नौकरी में नई कार्यशैली अपनाने का अवसर मिल सकता है। आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए खर्चों पर नियंत्रण रखने का प्रयास सफल रहेगा।

**कर्क**-कर्क राशि के जातकों के लिए आज लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में लगातार प्रयास करना आवश्यक रहेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही नुकसान पहुंचा सकती है। बढ़ते खर्चों को लेकर मन में चिंता बनी रह सकती है, इसलिए बजट का ध्यान रखें।

**सिंह**-सिंह राशि के लोगों के लिए आज सीखने और अनुभवों से लाभ लेने का दिन रहेगा। दूसरों को सलाह देने के बजाय स्वयं नई बातें सीखने का प्रयास अधिक लाभदायक सिद्ध होगा। आर्थिक दृष्टि से दिन सकारात्मक रह सकता है और आय में वृद्धि के अवसर मिल सकते हैं।

**कन्या**-कन्या राशि के जातकों को आज अपने कार्यों को व्यवस्थित ढंग से पूरा करने पर विशेष ध्यान देना होगा। कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारियों और सहयोगियों के बीच आपकी भूमिका महत्वपूर्ण रह सकती है। किसी नई बातचीत या समझौते को सफल बनाने में आपकी सूझबूझ काम आएगी।

**तुला**-तुला राशि के लिए आज का दिन साहसिक निर्णय लेने का संकेत दे रहा है। आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए नई योजनाओं पर काम शुरू किया जा सकता है। परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक चर्चा होगी।

**वृश्चिक**-वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज आर्थिक दृष्टि से लाभदायक परिस्थितियां बन सकती हैं। निवेश या संपत्ति से जुड़े मामलों में सकारात्मक समाचार मिल सकते हैं। बातचीत के दौरान आपका पक्ष मजबूत रहेगा और विवादित मामलों में समाधान निकलने की संभावना है।

**धनु**-धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन उपलब्धियों से भरा रह सकता है। लंबे समय से तय किए गए लक्ष्य पूरे होने की संभावना है। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में सम्मान प्राप्त होगा तथा आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मकर**-मकर राशि के लोगों के लिए आज चुनौतियों का सामना धैर्य के साथ करना होगा। विरोधी पक्ष आपको कमजोर करने का प्रयास कर सकता है, इसलिए हर कदम सोच-समझकर उठाएं। मित्रों से अपेक्षित सहयोग मिलने में कुछ कठिनाई हो सकती है। कार्यों में नई रणनीति अपनाने से सफलता मिल सकती है।

**कुंभ**-कुंभ राशि के जातकों के लिए आज परिवार से जुड़े विषय महत्वपूर्ण रहेंगे। संतान के भविष्य या शिक्षा से जुड़े मामलों में धैर्यपूर्वक निर्णय लेना लाभदायक रहेगा। आर्थिक प्रगति के लिए अनुभवी लोगों की सलाह आपके काम आ सकती है।

**मीन**-मीन राशि के लोगों के लिए आज कार्यों की अधिकता बनी रह सकती है। पुराने और नए दोनों प्रकार के कार्य समय पर पूरे करने का दबाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत की सराहना हो सकती है। व्यस्त दिनचर्या के कारण परिवार के साथ समय बिताने का अवसर कम मिलेगा, फिर भी संतुलन बनाए रखने का प्रयास करें।

# हकीकत और तिलिस्म का रोचक संसार



भोजन और उसकी तासीर का संबंध मौलिक है, लेकिन कुछ खाद्य पदार्थ दूसरों की तुलना में अधिक कामोत्तेजक गुण वाले होते हैं। प्राचीन मिस्रवासी, और होमर की जादूगरनियां सभी मंड्रेक पौधे की जड़ और फल की पूजा करती थीं। अंगूर, ग्रीक डायोनिसियन पंथों के कामुक अनुष्ठानों में प्रमुख स्थान रखता था। प्रशिक्षित गीशाएं (नर्तकी व गायिका) अपने ग्राहकों के लिए रसीले अंगूर छीलने के लिए जानी जाती थीं। किण्वित अंगूर के रस से शराब बनती है, जो संकोच को दूर करने और आकर्षण बढ़ाने के लिए प्रसिद्ध है। हालांकि, शेक्सपियर के 'मैकबेथ' में पोर्टर व्यंग्यपूर्वक कहता है, 'शराब 'इच्छा' को उत्तेजित करती है, लेकिन 'प्रदर्शन' को कम कर देती है।' शहद, कामसूत्र में यौन शक्ति बढ़ाने के लिए और आधुनिक 'हनीमून' नवविवाहित जोड़ों द्वारा शादी के पहले महीने में शहद युक्त मदिरा पीने की पुरानी प्रथा की याद दिलाता है।चावल और गेहूं जैसे अनाजों को प्रेम से नहीं, तो प्रजनन क्षमता से लंबे समय से जोड़ा जाता रहा है। एवेना सैटिवा (हरा जई), कई बिना प्रिस्क्रिप्शन के मिलने वाली यौन उत्तेजक दवाओं का एक घटक है। तुलसी, पुदीना, दालचीनी, इलायची, मेथी, अदरक, काली मिर्च, केसर और वेनिला जैसी कई जड़ी-बूटियां, मसाले कामोत्तेजक गुणों के कारण प्राचीन मठों में वर्जित खाद्य पदार्थों की सूचियों में भी दिखाई देते हैं।पिछली शताब्दियों में चर्च द्वारा प्रतिबंधित अन्य व्यंजनों में काले सेम, एवोकैडो और चॉकलेट शामिल थे, जिन्हें संभवत: 'पवित्रता के लिए खतरा' माना जाता था। कवक (मशरूम) 'ट्रफल्स' ने प्राचीन अरब में धार्मिक व्याकुलता पैदा की थी। एक कहानी के अनुसार, सेविले के मुहतसिब ने मस्जिद के आसपास कहीं भी इनकी बिक्री पर रोक लगाने की कोशिश की थी, इस डर से कि ये अच्छे मुसलमानों के नैतिक मूल्यों को भ्रष्ट कर देंगे। उत्तेजक गुणों के लिए प्रसिद्ध जड़ी-बूटी 'वैलेरियन' लंबे समय से वेश्यालयों में लोकप्रिय थी, और सामंती जापान में पेशेवर वेश्याएं, जिन्हें यु-जो कहा जाता था, ईल, कमल की जड़ और भुने हुए न्यूट्स के कामोत्तेजक गुणों से अपने सम्मोहन को बढ़ाती थीं।कहा जाता है कि क्लियोपेट्रा अपने अंगों पर शहद और बादाम का मिश्रण मलती थी, जिससे मार्क एंटनी पागल हो जाता था। मार्क एंटनी और क्लियोपेट्रा के प्रेम प्रसंग के बारे में बहुत सी बातें लिखी गई हैं, लेकिन इस तरह के सौंदर्य प्रसाधनों का कोई कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं है। कुछ लोगों का मानना है कि एज़्टेक शासक मोंटेज़ुमा अपने हरम में जाने से पहले पचास कप से भी ज़्यादा डार्क चॉकलेट खाकर खुद को शक्ति प्रदान करता था। मोंटेज़ुमा के बारे में यह दावा एक लोककथा है, इसका कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं है। कहा जाता है, कि मैडम डू बैरी ने कस्टर्ड में अदरक मिलाकर लुई ङ्गङ्क को कामुक बना दिया था। ग्रीक देवी एफ़्रोडाइट, जो काम की देवी हैं, इस शब्द की उत्पत्ति उन्हीं के नाम से हुई है। एफ़्रोडाइट पौराणिक कथाओं में समुद्र से जन्मी मानी जाती हैं, इसलिए कई तरह के समुद्री भोजन को कामोत्तेजक माना जाता है।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, सम्पादक रवि कुमार अवस्थी , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, R.NI NO. UPHIN/2012/43078 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## मुख्यमंत्री के इटावा आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



**कानपुर।** मुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार, के जनपद इटावा में आगमन से पूर्व अनुपम कुलश्रेष्ठ, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा कार्यक्रम, स्थल, हेलीपैड, पार्किंग स्थल, यातायात रूट व्यवस्था व अन्य संभावित स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी में तैनात समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखते हुये पूर्ण सतर्कता, सजगता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। इस दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, इटावा मौजूद रहे।

## दिवंगत पहले पति के घर पहुंची महिला, वर्तमान पति ने पुलिस से लगाई गुहार

**कोंच(जालौन)-** कस्बे के मोहल्ला गांधी नगर की रहने वाली एक महिला बैंक जाने की बात कहकर घर से निकली लेकिन लौट कर घर नहीं आई। खोजबीन करने पर पता चला कि वह अपने दिवंगत हो चुके पहले पति के घर पहुंच गई है। तमाम मिन्नतों के बाद भी उसने लौटने से इंकार कर दिया है। महिला के पति ने पुलिस से उसे वापस बुलाने की गुहार लगाई है। गांधी नगर निवासी भवानी शंकर पुत्र कामता प्रसाद ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी दूसरी शादी (विदा) वर्ष 2014 में सरस्वती पुत्री लक्ष्मन निवासी ग्राम पचोखई मोठ जिला झांसी के साथ हुई थी। सरस्वती का पहला पति रामलखन निवासी ग्राम खुटेला थाना कैलिया था जिसकी मृत्यु के बाद सरस्वती ने दूसरा विवाह वर्ष 2014 में उसके (भवानी शंकर) साथ किया था। शनिवार दोपहर करीब दो बजे सरस्वती उसकी गैरमौजूदगी में यह कहकर घर से निकली कि वह बैंक जा रही है। इसके बाद वह लौटकर नहीं आई। खोजबीन करने पर उसके मायके वालों ने बताया कि वह अपने पहले पति के ग्राम खुटेला चली गई है। जब उसने खुटेला जाकर पत्नी को समझाने का प्रयास किया कि वह उसके साथ वापस चले ताकि सरस्वती व उसके पूर्व पति से उत्पन्न उसकी बेटी शशि की बेहतर देखभाल हो सके, लेकिन वह नहीं मान रही है। उसे भय है कि उसकी पत्नी के साथ कोई अनहोनी न हो जाए। भवानी शंकर ने आशंका जताई है कि किसी व्यक्ति ने उसकी पत्नी को बातों में फंसाकर गुमराह कर दिया है जिससे वह घर से चली गई है। वह अभी भी अपनी पत्नी को अपने साथ रखना चाहता है। भवानी शंकर ने पुलिस से उपरोक्त प्रकरण में कानूनी कार्रवाई कर पत्नी को उसके सुपुर्द कराए जाने की मांग की है।

## जमीन के विवाद मे मां बेटी की दबंगो ने को पिटा

**कुकुरा खीरी-** मामला थाना मैलानी की पुलिस चौकी कुकुरा के अन्तर्गत ग्राम हरदुआ का बताया जाता है जहा पर गुड्डी देवी पत्नी बबलू व उनकी नाबालिग पुत्री की उन्ही के परिवार के लोगो ने जमकर पिटाई कर दी।सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार विपक्षीगण अवधेश कुमार पुत्र श्रीराम, रोहित पुत्र प्रताप साधू पुत्र लडैते, पमनैश, विनीत पुत्र लडैते आदि लोगो से पीडिता का जमीन को लेकर विवाद है उक्त लोग बबलू को उसकी पैतृक जमीन मे हिस्सा नही दे रहे है जब कभी वन अपना हिस्सा मागता है तो उक्त सभी लोग एक राय होकर आमादा फौजदारी हो जाते है।घटना आज दिनाक 26/07/2026 की बताई जाती है कि जब पीड़िता गुडडी देवी के गन्ने के खेत से उक्त लोगो ने ट्रैक्टर और रूटावेटर निकाला जिससे उसकी लगभग दो लटठा गन्ने की फसल नष्ट-भ्रष्ट हो गयी।जब पीडिता की नाबालिग पुत्री ने इसका विरोध किया तो उक्त लोगो ने पकड़कर उसकी पिटाई करना शुरू कर दिया बेटी को पिटता देख बीच बचाव को गयी पीडिता कीभी उक्त सभी ने निंमम पिटाई कर दी ।अपने साथ घटी घटना की लिखित शिकायत पुलिस चौकी कुकुरा मे देकर न्याय की गुहार लगाई है।अब देखना है कि नवागत चौकी प्रभारी मामले मे कार्रवाई करते है या फिर पीड़िता को न्याय मागने पुलिस अधीक्षक की चौखट पर जाने को विवश होना पडेगा।

## सड़क दुर्घटना में महिला घायल

**कोंच(जालौन)-** सड़क ब्रेकर पर अनियंत्रित हुई बाइक से गिरकर महिला घायल हो गई। घायलावस्था में महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, रामरती (55) पत्नी लोटन मिस्त्री निवासी साकिन थाना समथर अपने बेटे सुरेंद्र (25) के साथ बाइक से रिश्तेदारी में ग्राम सिकरी राजा थाना जालौन गई थी। शनिवार को वहां से वापस लौटते समय जैसे ही उनकी बाइक ग्राम लहचूरा और खनुआ के बीच पहुंची तभी सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी जिसके चलते रामरती घायल हो गई।

# सिलेंडर ब्लास्ट से दहला मौजमपुर

### मकान का लिंटर और दीवार गिरी; फायर ब्रिगेड की एक घंटे की देरी पर फूटा लोगों का गुस्सा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**तिलहर।** शनिवार रात रसोईघर में खाना बनाते समय गैस रिसाव के बाद हुए भीषण सिलेंडर ब्लास्ट से पूरा इलाका दहल उठा। विस्फोट इतना तेज था कि मकान का लिंटर और एक दीवार भरभराकर गिर गई। आग की ऊंची लपटें उठने से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। हादसे में परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गए, लेकिन मकान और घरेलू सामान को भारी नुकसान पहुंचा। नगर के मोहल्ला मौजमपुर निवासी अंजू लता रस्तोगी का मकान पुलिस चौकी के निकट स्थित है। शनिवार रात करीब आठ बजे वह रसोईघर में खाना बनाने के लिए पहुंचीं। जैसे ही उन्होंने गैस चूल्हा जलाने के लिए लाइटर जलाया, अचानक गैस ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग सिलेंडर तक पहुंच गई। स्थिति बिगड़ती देख परिवार के लोग जान बचाकर घर से बाहर निकल आए। कुछ ही क्षण बाद जोरदार धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। विस्फोट की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी और मकान का लिंटर तथा एक दीवार ढह गई। घटना की सूचना तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड की टीम करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची, जिससे लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। लोगों का कहना था कि यदि दमकल समय पर पहुंच जाती तो आग को शुरुआती चरण में ही काबू किया जा सकता था और मकान को इतना बड़ा नुकसान नहीं होता। देरी को लेकर लोगों ने नाराजगी जताते हुए दमकल विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और उसे आसपास के मकानों तक फैलने से रोक दिया। पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों को सुरक्षित दूरी पर किया और स्थिति को नियंत्रित किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धमाका इतना शक्तिशाली था कि आसपास के मकानों में भी कंपन महसूस हुआ और लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। काफी देर तक घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लगी रही। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में गैस रिसाव के बाद आग लगने और सिलेंडर फटने की बात सामने आई है। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है, क्योंकि परिवार के सभी सदस्य समय रहते बाहर निकल गए थे। हालांकि मकान को भारी क्षति पहुंची है और हजारों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

## सड़क किनारे खड़े 375 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में सड़क सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कानपुर नगर के प्रमुख हाई-वे पर विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें हाइवे के किनारे खड़े वाहनों पर कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान संबंधित जोन के यातायात निरीक्षकों एवं सीसी टीम प्रभारियों द्वारा हाईवे के किनारे अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों को हटवाया गया तथा वाहन चालकों को सड़क किनारे वाहन खड़ा न करने, निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने, वाहन खराबी की स्थिति में आवश्यक सुरक्षा संकेतक (रिफ्लेक्टर, ट्रायंगल, पार्किंग लाइट आदि) लगाने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के संबंध में जागरूक एवं निर्देशित किया गया । इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 375 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम (MV Act) के अंतर्गत नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई।यातायात पुलिस कानपुर नगर द्वारा आमजन व वाहन चालकों से अपील की जाती है कि यातायात नियमों का पालन करें, हाईवे अथवा मुख्य मार्गों के किनारे अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करें तथा सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में यातायात पुलिस का सहयोग करें।

# कार की टक्कर से महिला की मौत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ग्रामीण।** घाटमपुर के पतारा क़स्बे में कार बैक करते समय सड़क किनारे बैठी बुजुर्ग महिला को टक्कर लग गई, हादसे में बुजुर्ग महिला घायल हो गई,कार सवार बुजुर्ग महिला को कार से लेकर पतारा सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों महिला को म्रत घोषित कर दिया,कार सवार कार छोड़ कर मौके से भाग निकले, पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर बुजुर्ग महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, घाटमपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथ पुर गांव निवासी 71वर्षीया नन्हकी घाटमपुर नगर स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित सत्संग सभा में शामिल होकर रविवार दोपहर वापस लौट रहीं थीं,तभी घाटमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पतारा क़स्बा स्थिति स्टेशन रोड के पास एक स्कूल के पास सड़क किनारे बैठी थी तभी काले रंग की स्विफ्ट डिजायर कार ने बैक करते समय महिला को टक्कर मार दी, हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई,कार सवार युवक महिला को कार से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतारा पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने महिला को म्रत घोषित कर दिया, इसके बाद कार सवार कार छोड़ कर मौके से भाग निकले,, सूचना पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ बुजुर्ग महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। घाटमपुर थाने के क्राइम इंस्पेक्टर खुर्शीद अहमद ने बताया कि परिजनों को सूचना देने के साथ महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है,, तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएंगी।

## हुल्का देवी की विदाई शोभायात्रा में हुई पुष्पवर्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** जवाहर नगर और तिलक नगर इलाके में मां हुल्का देवी की शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई जिसमें महिला-पुरुष भक्तों के साथ ही युवक-युवतियों और बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा में जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई, और महिलाओं ने मातारानी के जयकारे लगाए। कस्बे के तिलक नगर निवासी ठाकुरदास कुशवाहा के मकान से शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा समूचे इलाके का भ्रमण कर कंजड़ बाबा मंदिर से सब्जी मंडी गेट से होती हुई नदीगांव रोड पर सिकरी नाका पहुंची जहां शोभायात्रा का समापन किया गया। मातारानी के सुसज्जित विमान के आगे गंगाजल, शराब और दूध की तीन धाराएं अनवरत रूप से चल रही थी। पुष्पों से जड़ा हुआ मां हुल्का देवी का डोला आकर्षण का केंद्र रहा। विमान के ठीक पीछे चल रही महिलाएं और युवतियां मातारानी के जयकारे लगाते हुई साथ चल रही थी। जबकि युवा और बच्चे डीजे पर बज रहे देवी मां के भजनों पर नाचते हुए आगे बढ़ रहे थे। इलाकाई लोगों ने नम आंखों से माता रानी को विदाई दी। इस दौरान खन्ना कुशवाहा, विजय कुशवाहा, रामशंकर कुशवाहा, रामप्रकाश कुशवाहा, धर्मेंद्र राठौर, अखिलेश कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, आकाश कुशवाहा, अरविंद कुशवाहा, ओमी कुशवाहा, आशीष राठौर, किशना, टिंकल कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, राजकुमार, उमा कुशवाहा, कुंवर सिंह, जगदीश आदि भक्तगण मौजूद रहे।

## साकेत शांडिल्य बने विहिप के जिला मंत्री

**कोंच(जालौन)-** हिंदूवादी नेता साकेत शांडिल्य को विश्व हिंदू परिषद का जिला मंत्री बनाए जाने पर यहां विहिप की कोंच नगर इकाई ने प्रसन्नता व्यक्त की है और साकेत का माल्यार्पण कर स्वागत किया। पूर्व में विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष और मौजूदा में संगठन के जिला उपाध्यक्ष रहे साकेत शांडिल्य को विहिप में अब नई जिम्मेदारी सौंपते हुए जिला मंत्री बनाया गया है। विहिप कानपुर प्रांत की बैठक में विहिप जिलाध्यक्ष गुरु प्रसाद शर्मा को पुनः इसी पद पर प्रतिष्ठित किया गया है। इसके साथ ही संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता निष्ठा और लगन को देखते हुए साकेत शांडिल्य को जिला मंत्री पद का दायित्व सौंपा गया है और उनसे अपेक्षा की है कि वे अपनी जिम्मेदारी को बेहतर ढंग से निभाते हुए संगठन को नए आयाम देने का काम करेंगे। साकेत को मिले इस दायित्व का विहिप नगर इकाई ने स्वागत करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। नगर अध्यक्ष संतोष तिवारी एवं नगर मंत्री सुमित अग्रवाल ने कहा है कि, उनके मार्गदर्शन में संगठन अपने दायित्वों को और भी अच्छे ढंग से निभाएगा।

# मौज एप पर नाबालिग को जाल में फंसाकर दुषकर्म करने वाला गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कमिश्नरेट कानपुर थाना सेन पश्चिम पारा के न्यू आजाद नगर निवासी एक नाबालिग लड़की से मौज एप पर चैट कर उसे अपने जाल में फंसाकर आगरा लेजाके उसके साथ दुषकर्म कर कानपुर सेन्ट्रल पर छोड़ जाने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कमिश्नरेट पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7.07.2026 को शिकायतकर्ता निवासी न्यू आजाद नगर, कानपुर नगर के द्वारा थाना सेन पश्चिम पारा पर सूचना दी गई थी कि 'उसकी पुत्री उम्र करीब 13 वर्ष कक्षा 7 में पढ़ती है। 2/7/2026 को मैंने अपनी पुत्री को मोबाइल में कृष्णा नाम के लड़के से MOJ APP पर चैट करते हुए देखा था तो मैंने उसको डांट फटकार लगाई थी और समझाया बुझाया था। जिस कारण 6/7/2026 को शाम को समय करीब 4.30 बजे मेरी बेटी कोचिंग करने के बहाने घर से प्रियदर्शिनी स्कूल गोपाल नगर के पास गयी थी तथा वहीं से बिना बताये कहीं चली गयी थी। शाम को जब काफी देर हो गई तो हम परिजनों ने उसे ढूंढने का काफी प्रयास किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। जब हम घर वापस आये तो मेरी बड़ी बेटी को एक नोट मिला जो मेरी छोटी बेटी की हैन्डराइटिंग में था मेरी नाबालिक पुत्री को MOJ APP पर चैट करने वाले लडके कृष्णा के द्वारा ही बहला फुसलाकर ले जाया गया है। उक्त सूचना के आधार पर थाना सेन पश्चिम पारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में पाया गया कि अभियुक्त कृष्णा उपरोक्त जो मूल रूप से आगरा का रहने वाला है जो MOJ APP पर उक्त प्रकरण से सम्बन्धित वादिनी की पुत्री से चैट करता था और उसी दौरान ही उसे अपनी बातों में बहला फुसलाकर 6.7.2026 को घर से बाहर बुलाकर प्रियदर्शनी स्कूल के पास से अपने साथ आगरा ले गया था जहाँ पर उसने उसके साथ



दुष्कर्म किया और दो दिन के उपरान्त कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन के पास छोड़कर भाग गया । तदोपरान्त पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया व मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने के उपरान्त उक्त अभियोग में पाक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गई। चूंकि उक्त प्रकरण में वांछित अभियुक्त कृष्णा उपरोक्त MOJ APP पर CHAT करता था । चौकी प्रभारी न्यू आजाद नगर व मिशन शक्ति प्रभारी के द्वारा जाल बिछाकर MOJ APP पर ही उसको अपनी बातों में लेकर कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन पर बुलाया गया । जहाँ पर अभियुक्त कृष्णा उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया है।

# बेरोजगारी से निजात पाने के लिए ईमानदारी से आरक्षण को महत्व देना होगा

## सपा का आरक्षण बचाओ सेमिनार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के पदाधिकारियों, 78 वार्डों के प्रभारियों, PDA टीम तथा फ्रंटल संगठनों/जोनल प्रभारियों द्वारा 'संविधान मान स्तंभ दिवस' के अवसर पर 'आरक्षण बचाओ सेमिनार' का आयोजन किया गया। सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम सपा कार्यालय में आरंभ हुआ, जिसका संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव 'मिन्टू' ने किया। सेमिनार से पूर्व फूलबाग स्थित नाना राव पार्क में डॉ. अंबेडकर की मूर्ति पर महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने माल्यार्पण कर नमन किया। यह आयोजन उस संघर्ष की विजय का भी प्रतीक रहा, जिसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और छात्रों की ऐतिहासिक लड़ाई में समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर ने लगातार 7 दिनों तक संघर्ष किया था। इस अवसर पर संबोधित करते हुए अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने कहा कि संविधान मान स्तंभ दिवस की रक्षा तथा लोकतंत्र की मजबूती के लिए आरक्षण नीति को ईमानदारी से अमली जामा पहनाना पड़ेगा। अन्यथा, बेरोजगारी के कारण युवा पीढ़ी में चिंता की रेखाएं गहरी होंगी, जिसकी वजह से बेरोजगारी के साथ-साथ देश की आर्थिक स्थिति भयावह रूप ले सकती है। हाजी फ़ज़ल महमूद ने कहा कि 'आरक्षण बचाओ सेमिनार' एक मंथन पाठशाला है। हमें छत्रपति शाहू जी महाराज से प्रेरणा लेनी चाहिए कि उन्होंने राज्य में 50% आरक्षण लागू करके बराबरी का दर्जा दिया है, और महात्मा ज्योतिबा फुले ने शिक्षा के साथ आरक्षण को महत्व देकर सामाजिक और सांस्कृतिक दूरी को दूर किया है। फ़ज़ल महमूद ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान की रचना



करके सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में विरोधाभास को दूर करके संविधान में मौलिक अधिकार दिए हैं। यदि आज संविधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की अग्रणी भूमिका ने जो सामाजिक न्याय को ताकत दी है, उस पर चलकर कार्य करना होगा, तभी हम तरक्की की ओर आगे बढ़ सकेंगे। सेमिनार मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,विधायक अमिताभ बाजपेई,विधायक मोहम्मद हसन रुमी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,प्रदेश सचिव के के शुक्ला,नंदलाल जयसवाल,सत्यनारायण गहरवार आदि मौजूद रहे।

## पालिकाध्यक्ष ने सड़क निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** नगर में विकास कार्यों को रफ्तार देते हुए पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने रविवार को अलग-अलग इलाकों में सीसी और इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुभारंभ कराया। इलाकाई लोगों द्वारा काफी समय से उक्त दोनों सड़क निर्माण कार्य की मांग की जा रही थी और अब सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के बाद सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने वार्ड नंबर 19 पटेल नगर पूर्वी में पूरनदास अग्रवाल के मकान से शंकरजी के मंदिर से होकर झल्लू याज्ञिक के मकान तक 17 लाख रुपए की लागत से 160 मी.लंबी और 4.90 मी. चौड़ी सीसी सड़क एवं वार्ड नंबर 16 में शंभूसहाय पुल से सुदामा के मकान तक 18 लाख रुपए की लागत से 170 मी. लंबी और 5 मी. चौड़ी इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य हेतु उच्चारित मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन किया। इस दौरान मौजूद



इलाकाई लोगों के बीच पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगर में जरूरी सभी विकास कार्य कराने में कोताही नहीं बरती जाएगी। सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए नगर पालिका लगातार कार्य कर रही है, ताकि नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। इस दौरान सभासद प्रतिनिधि नरेश कुशवाहा, अशोक गुर्जर, अमित उपाध्याय, ऋषि अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, राजू याज्ञिक, रामकिशोर कुशवाहा, पूरनदास अग्रवाल, आकाश गुप्ता, दीपक गर्ग आदि मौजूद रहे।

## बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल

**कोंच(जालौन)-** पचीपुरी गांव के समीप दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी कोंच से जिला अस्पताल उरई रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, शनिवार की रात करीब 10 बजे कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम भडारी निवासी राजमिस्त्री लवलेश (23) पुत्र परशुराम अपने सहयोगी मजदूर फूलसिंह के साथ कोंच नगर में कांच के मंदिर के समीप मकान निर्माण संबंधी काम कर बाइक से वापस अपने गांव जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पचीपुरी के समीप पहुंची, सामने से आ रही एक दूसरी बाइक से आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर जुम्मन (43) पुत्र नूर मोहम्मद तथा मोतीलाल (85) पुत्र पुन्नू निवासीगण मालवीय नगर कोंच सवार थे। उक्त दोनों धौरपुर गांव में आयोजित भंडारे में शामिल होकर वापस कोंच लौट रहे थे। दोनों बाइकों में टक्कर इतनी तेज थी कि उक्त चारों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# सात किलोमीटर दूर खाटू श्याम की तृतीय निशान यात्रा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ग्रामीण।** घाटमपुर नगर में रविवार को मां कुष्मांडा श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में आयोजित तृतीय निशान यात्रा श्रद्धा आस्था और भक्ति के माहौल में निकाली गई, मां कुष्मांडा देवी मंदिर से शुरू हो कर निर्माणाधीन श्री खाटू श्याम मंदिर राहा गांव तक पहुंची,इस यात्रा में हजारों की संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए,यात्रा के दौरान बाबा खाटू श्याम का भव्य रथ श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना, और भक्तों ने पूरे मार्ग में जय श्री श्याम के जयकारों के साथ भक्ति का उत्साह बिखेरा, रविवार दोपहर शुरू हुई निशान यात्रा में पुरूषों, महिलाओं और युवाओं ने हाथों में निशान लेकर पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया,बाबा खाटू श्याम को सुसज्जित रथ जैसे जैसे आगे बढ़ता गया श्रद्धालु दर्शन के लिए आगे बढ़ते रहें,, यात्रा में शामिल भक्त भजन कीर्तन और जयकारों के साथ झूमते नजर आए,,यात्रा को और अधिक भक्ति मय बनाने के लिए कानपुर से भजन गायकों ने बाबा श्याम के भजन एक से एक बढ़ कर भजन प्रस्तुत किए,, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस भी मुस्तैद रहीं, निमार्णाधीन श्री खाटू श्याम मंदिर राहा गांव पहुंचने पर धार्मिक अनुष्ठान और आरती के साथ यात्रा का समापन हुआ,आयोजक मां कुष्मांडा श्याम मित्र मंडल ने सभी श्रद्धालुओं, अतिथियों भजन, गायकों, और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा खाटू श्याम की क्रपा से तृतीय निशान यात्रा श्रद्धा,भाव, सेवा, और सामाजिक समरसता का आयोजन बनी।

## रंगदारी न देने पर मारपीट करने के आरोप में सगे भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज

**कोंच(जालौन)-** मोहल्ला तिलक नगर निवासी एक विधवा महिला ने सगे दो भाइयों पर उसकी दुकान पर आकर रंगदारी मांगने और न देने पर गाली गलौच कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला तिलक नगर निवासी विधवा महिला राजकुमारी ने पुलिस को दी अपनी तहरीर में बताया कि शनिवार की रात करीब सवा 10 बजे वह अपनी दुकान के अंदर बैठी थी। इसी दौरान मोहल्ले के ही सगे भाई मोहित यादव और प्रदीप यादव दुकान पर आए और रंगदारी के रूप में 5 हजार रुपए की मांग करने लगे। उसने रुपए देने से मना कर दिया तो उक्त दोनों भाइयों ने गाली गलौच कर मारपीट की। उसे बचाने आए बच्चों को भी पीटा और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। शिकायत में महिला ने छेड़खानी करने का भी आरोप लगाया है। उक्त घटना को लेकर पुलिस ने दोनों आरोपी भाइयों खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डकैती की योजना बना रहे अन्तर्जनपदीय गिरोह के 4 शातिर अपराधी गिरफ़्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कमिश्नरेट कानपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान थाना कोहना पुलिस ने नाकाबंदी कर डकैती की योजना बना रहे अंतर्जनपदीय गिरोह के 4 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 1 तमंचा .315 बोर, 1 जिंदा कारतूस, तार कटर, रिंच (पाना), स्टील ब्लेड, घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन तथा ?38,000 नकद एवं मोबाइल फोन बरामद किए गए। अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल डॉ. अर्चना सिंह ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्तों ने कानपुर नगर में डकैती की योजना एवं तैयारी की बात स्वीकार की। इस संबंध में थाना कोहना पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर एवं अभ्यस्त अपराधी हैं, जिनके विरुद्ध उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में चोरी, डकैती, आर्म्स एक्ट एवं अन्य गंभीर अपराधों के अनेक अभियोग पंजीकृत हैं। फरार दो अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है।

**उक्त अभियान के क्रम पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल**

अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल के आदेशानुसार व एसीपी कर्नलगंज के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन मे थानाध्यक्ष कोहना द्वारा दो टीम बना कर, प्रथम टीम गंगा बैराज पुलिस चौकी तथा द्वितीय टीम कर्बला चौराहे पर नाकाबंदी की गयी थी । चैकिंग के दौरान ही कर्बला चौराहे पर मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि एक सफेद रंग की स्कार्पियो गाडी मे कुछ संदिग्ध व्यक्ति सवार है, इस सूचना पर दोनों टीम के द्वारा संदिग्ध वाहन सफेद रंग की स्कार्पियो की चैकिंग की जाने लगी तो प्रथम टीम द्वारा गंगा बैराज पर उन्नाव की ओर से आने वाले सफेद स्कार्पियो को रोकने का प्रयास किया गया तो नही रुके जिसकी सूचना द्वितीय टीम को प्राप्त हुई । द्वितीय टीम के द्वारा उक्त वाहन को बैरियर लगा कर आवाश्यक बल प्रयोग कर घेर कर रोका गया तो उक्त वाहन के रुकने से पहले ही 4 संदिग्ध व्यक्ति चैकिंग को देख कर गाडी से उतर कर भाग गये, 2 व्यक्तियो सर्वेश त्रिपाठी संतोष साहिनी को मौके पर पकड़ लिया गया, जिनसे गहनता एवं कड़ाई से पूछताछ पर उनके द्वारा कानपुर मे डकैती



डालने की अपनी योजना एवं तैयारी के बारे मे बताया गया । तत्काल चैकिंग कर रही दोनो टीमो को भागे हुए 04 अपराधियो की तलाश मे लगाया गया तो तथा क्षेत्र मे नाकाबंदी की गयी काफी तलाश के बाद भागे हुए 4 अपराधियो मे से 2 अपराधियो रोहित यादव उर्फ नेपाली संजीत साहनी उर्फ पहाड़ी को मैगजीन घाट गंगा किनारे जंगल मे बने खण्डहर के पास से गिरफ्तार कर बरामदगी की गयी । भागे हुए 2 अन्य अपराधियो की तलाश की जा रही है। गिरफ्तारी किये गये अभियुक्तगण के कब्जे से 1 अदद तमन्चा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 रिन्च (पाना), 01 तार कटर, 01 स्टील ब्लेड, घटना मे प्रयुक्त वाहन सफेद रंग की स्कार्पियो नम्बर UP 32 RQ 3120 बरामद किया गया।

## लखीमपुर को मिली रेल सेवा की बड़ी सौगात, 11 वर्षों का इंतजार हुआ खत्म

**लखीमपुर खीरी-** के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ। करीब 11 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद कासगंज-ऐशबाग इंटरसिटी एक्सप्रेस का शुभारंभ कर दिया गया। सजी-धजी स्पेशल ट्रेन को उझानी रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस नई रेल सेवा से लखीमपुर सहित पूरे क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह उद्घाटन स्पेशल ट्रेन रविवार शाम लगभग 6 बजे लखीमपुर पहुंचेगी, जहां यात्रियों और स्थानीय लोगों में इसे लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। वर्षों से इस रेल सेवा की मांग की जा रही थी, जो अब जाकर पूरी हुई है। नई इंटरसिटी एक्सप्रेस के संचालन से रुहेलखंड क्षेत्र का लखीमपुर खीरी और राजधानी लखनऊ (ऐशबाग) के बीच सीधा रेल संपर्क पहले से अधिक मजबूत होगा। इससे दैनिक यात्रियों, छात्रों, व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। रेलवे प्रशासन द्वारा जारी नई समय-सारिणी के अनुसार यह ट्रेन सोमवार से प्रतिदिन नियमित रूप से संचालित होगी। क्षेत्रवासियों का मानना है कि यह केवल एक नई ट्रेन नहीं, बल्कि विकास, सुविधा और बेहतर आवागमन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## संक्षिप्त खबरें

### लता गुप्ता बनीं महिला आयोग की अध्यक्ष, निर्मल जैन संभालेंगे अल्पसंख्यक आयोग

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने लता गुप्ता को दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही श्याम बाला, मालती वर्मा, लता सोढ़ी, सनरिका शर्मा झा एवं रेनू भल्ला को सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। लता गुप्ता पार्षद भी रह चुकी हैं। सीएमओ दिल्ली ने एक्स पर पोस्ट किया- दिल्ली महिला आयोग महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, अधिकारों के संरक्षण और सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन नई नियुक्तियों से आयोग की कार्यप्रणाली में नई ऊर्जा और गति आएगी। उम्मीद है कि इससे महिलाओं को न्याय, संरक्षण और सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी तथा तेज होगी। दिल्ली सरकार ने इसी क्रम में दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग का भी नया गठन किया है। निर्मल जैन को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि कुलदीप सिंह और मोहम्मद हारून को सदस्य बनाया गया है। सीएमओ दिल्ली ने एक्स पर पोस्ट किया- दिल्ली सरकार ने इन नियुक्तियों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों के अधिकारों, सम्मान और कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। ये नियुक्तियां सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही हैं।

### 'साढ़े चार साल में पंजाब में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ'; भाजपा के आरोपों पर CM मान का करारा जवाब

**मोहाली।** नीट पेपर लीक के बाद पंजाब में फार्मेसी ऑफिसर की भर्ती की परीक्षा पर सवाल उठे तो मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दो टूक में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि साढ़े चार साल में पंजाब में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ और मेरिट आधार पर नौकरियां दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री मान ने यह बयान 454 फार्मेसी ऑफिसर पदों के लिए हुई भर्ती परीक्षा में एक बड़ा नकल रैकेट पकड़ने जाने पर भाजपा के आरोपों पर दिया है। वे रविवार को जीरकपुर में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-2026 में सफलता हासिल करने वाले सरकारी स्कूलों के 882 विद्यार्थियों को सम्मानित करने पहुंचे थे। सीएम ने विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि राज्य सरकार की शिक्षा सुधार नीतियों, निश्शुल्क कोचिंग, मेंटरशिप और पारदर्शी व्यवस्था का परिणाम है, जिसने सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को देश की सबसे कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं में नई पहचान दिलाई है। मुख्यमंत्री ने देश में बार-बार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। इसके विपरीत पंजाब में उनकी सरकार के साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल के दौरान एक भी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि हाल ही में फार्मेसी अधिकारी भर्ती परीक्षा में नकल कराने की कोशिश सामने आने पर सरकार ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### ब्लैकमेल कर महिला पुलिस अधिकारी से दुष्कर्म, हेड इंस्पेक्टर सस्पेंड; तीन बार गर्भपात कराने का भी आरोप

**जगराओं/मुल्लापुर दाखा।** थाना सुधार के हेड इंस्पेक्टर साहिबमीत सिंह पर महिला पुलिस अधिकारी से दुष्कर्म, ब्लैकमेल और जबरन गर्भपात कराने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। शिकायत के आधार पर थाना दाखा में आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एसएसपी डा. अंकुर गुप्ता के निर्देश पर आरोपित को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। केस दर्ज होने के बाद से आरोपित फरार बताया जा रहा है। पीड़ित महिला पुलिस अधिकारी ने एसएसपी को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2023 में उसकी पहचान साहिबमीत सिंह से इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी। नवंबर 2023 में आरोपित ने उसे मुल्लांपुर मिलने के लिए बुलाया और ग्रैंड मैरी विला ले गया। वहां उसने कथित तौर पर नशीली काफी पिलाई, जिससे वह बेहोश हो गई। करीब दो घंटे बाद होश आने पर उसने खुद को बिना कपड़ों के पाया। महिला का आरोप है कि आरोपित ने उसकी मर्जी के खिलाफ शारीरिक संबंध बनाए।

**वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप**

महिला के अनुसार, विरोध करने पर साहिबमीत सिंह ने दावा किया कि उसने उसके आपत्तिजनक वीडियो बना लिए हैं। आरोपित ने वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने और लाइसेंसी पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद कथित तौर पर वीडियो के जरिए ब्लैकमेल कर उसे अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर कई बार दुष्कर्म किया।

# दिल्ली हाई कोर्ट का अहम फैसला

## फुटपाथ पर सोने वालों को सड़क हादसे का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** फुटपाथ पर सो रहे लोगों को सड़क हादसे के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। दिल्ली हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में ये टिप्पणी करते हुए कहा है कि फुटपाथ पर सोना या आराम करना किसी भी तरह से ऐसी लापरवाही नहीं है, जिसके आधार पर पीड़ितों के मुआवजे में कटौती की जाए। अदालत ने मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) के उस आदेश को रद कर दिया, जिसमें पीड़ितों को 50 प्रतिशत सहभागी लापरवाही का दोषी मानते हुए मुआवजा आधा कर दिया गया था। न्यायमूर्ति अनिश दयाल ने कहा कि पैदल यात्रियों के लिए बने फुटपाथ पर चलने, खड़े होने या मजबूरी में आराम करने वाला व्यक्ति यह कल्पना नहीं कर सकता कि कोई वाहन फुटपाथ पर चढ़ जाएगा। ऐसे में वाहन चालक की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है कि



वह सावधानी से वाहन चलाए।

**देश में बड़ी संख्या में लोग बेघर हैं: हाई कोर्ट**

अदालत ने कहा कि देश में बड़ी संख्या में लोग बेघर हैं या रात में काम करने वाले मजदूर हैं, जिनके पास सोने के लिए सुरक्षित स्थान नहीं होता। ऐसे लोगों के लिए फुटपाथ अपेक्षाकृत सुरक्षित जगह बन जाता है, क्योंकि उन्हें उम्मीद नहीं होती कि कोई वाहन वहां चढ़कर उन्हें कुचल देगा। यदि उन्होंने मजबूरी में फुटपाथ पर सोने का जोखिम उठाया भी, तो इसे उनकी सहभागी लापरवाही नहीं माना जा सकता। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भले ही फुटपाथ का उपयोग उसके मूल उद्देश्य से अलग तरीके से किया जा रहा हो, लेकिन किसी भी स्थिति में उस पर वाहन चलाना कानूनन प्रतिबंधित है। मामला अक्टूबर 2015 का है। सुबह करीब साढ़े चार बजे मादीपुर मेट्रो स्टेशन के नीचे फुटपाथ पर सो रहे चार लोगों को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया था। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हुए थे।

**बीमा कंपनी को छह सप्ताह के भीतर पूरी राशि देने का निर्देश**

अदालत ने एमएसीटी कोर्ट द्वारा मुआवजे में की गई 50 प्रतिशत कटौती बहाल करते हुए बीमा कंपनी को छह सप्ताह के भीतर पूरी राशि संबंधित लाभार्थियों को देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने दोनों मृतकों के परिजनों के लिए लगभग 10-10 लाख रुपये, जबकि दोनों घायलों के लिए क्रमश 1,20,005 रुपये और 18,10,569 रुपये मुआवजा मंजूर किया। यह फैसला मृतकों के परिजनों और घायल पीड़ितों द्वारा एमएसीटी के आदेश के खिलाफ दायर अपीलों पर सुनाया गया।

## हादसे रोकने को एनएचआई का अभियान

### अवैध कट बंद करने पहुंची टीम का विरोध; पुलिस की मौजूदगी में हुई कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर, शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार हो रहे जानलेवा सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए रविवार को एनएचआई ने अवैध कटों के खिलाफ अभियान चलाया। पूर्वी भक्सी तिराहे के पास दोदराजपुर मार्ग पर बने अवैध कट को बंद करने पहुंची टीम को स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। हंगामे और नोकझोंक के बीच सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बमुश्किल समझा बूझाकर पुलिस की मौजूदगी में अवैध कट को बंद कर दिया गया। उसके बाद एनएचआई की टीम को कपसेड़ा में भी अवैध बंद करने पर विरोध का सामना करना पड़ा। यहां भी पुलिस के हस्तक्षेप के बाद अवैध कट को बंद कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना था कि इन कटों के बंद होने से उन्हें अपने गांवों तक पहुंचने और हाईवे पार करने के लिए कई किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी। इससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी होगी। इसी कारण उन्होंने कार्रवाई का विरोध किया। वहीं, एनएचआई अधिकारियों का कहना है कि हाईवे पर बनाए गए ये कट पूरी तरह अवैध हैं और इन्हीं के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। दिन में स्कूली बच्चे, बाइक सवार और राहगीर तथा रात में स्थानीय लोग इन्हीं कटों से हाईवे पार करते हैं। तेज रफ्तार वाहनों के बीच अचानक सड़क पार करना जानलेवा साबित हो सकता है। अधिकारियों के अनुसार इन स्थानों पर पूर्व में कई गंभीर हादसे हो चुके हैं, जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है। एनएचआई के नियंत्रण अधिकारी इंद्रेश कुमार यादव ने बताया कि सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरे मार्ग पर चरणबद्ध तरीके से सभी अवैध कट बंद किए जा रहे हैं। उनका कहना है कि यह कार्रवाई किसी को असुविधा पहुंचाने के लिए नहीं, बल्कि लोगों की जान बचाने और दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से की जा रही है।

## दुगरी 200 फीट रोड पर अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर

### फुटपाथ व ग्रीन बेल्ट कराई गई खाली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना-** लुधियाना शहर में सड़कों के किनारे बढ़ते अवैध कब्जों के खिलाफ नगर निगम और ग्लाडा (GLADA) ने संयुक्त अभियान चलाया। नगर निगम आयुक्त ओजस्वी तथा ग्लाडा के मुख्य प्रशासक विकास हीरा के निर्देशन में नगर निगम की तहबाजारी शाखा और ग्लाडा की प्रवर्तन (एनफोर्समेंट) शाखा ने दुगरी 200 फीट रोड क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे लगे अवैध वेंडरों और स्टॉलों को हटाया। साथ ही फुटपाथ और ग्रीन बेल्ट क्षेत्र को भी अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि अवैध रूप से लगाए गए वेंडरों और स्टॉलों के कारण सड़क किनारे कूड़ा-करकट जमा हो रहा था, जिससे ग्रीन बेल्ट और आसपास का क्षेत्र गंदगी का शिकार हो रहा था। इसके अलावा स्टॉलों के सामने खड़े वाहनों के कारण यातायात प्रभावित होता था और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने सड़क किनारे अतिक्रमण हटाकर फुटपाथ और



ग्रीन बेल्ट को पूरी तरह साफ कराया। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि शहर में अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। नगर निगम आयुक्त ओजस्वी और ग्लाडा के मुख्य प्रशासक विकास हीरा ने शहरवासियों से अपील की कि वे सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जे न करें तथा स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित शहर के निर्माण में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने नागरिकों से एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाने और शहर की स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया।

## सोनम वांगचुक को सोमवार को मिलेगी अस्पताल से छुट्टी, राजघाट जाकर महात्मा गांधी को देंगे श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** क्लाइमेट एक्टिविस्ट और लद्दाख के प्रमुख आवाज सोनम वांगचुक सोमवार को अस्पताल से छुट्टी पाने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार, गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहे वांगचुक को सुबह करीब 11:30 बजे डिस्चार्ज किया जाएगा। छुट्टी मिलते ही वह सबसे पहले राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, इसके बाद लद्दाख के लिए रवाना होंगे। यह घटनाक्रम पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के ठीक एक दिन बाद आया है। 'कॉकरोच जनता पार्टी' (CJP) ने जंतर-मंतर पर 36 दिनों तक चले अपने आंदोलन को समाप्त करने की घोषणा की थी। आंदोलन के दौरान लंबे समय तक अनशन पर रहे वांगचुक की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार देर रात उन्होंने अपना 26 दिन लंबा अनशन समाप्त किया। CJP ने प्रतियोगी परीक्षाओं, खासकर नीट में कथित अनियमितताओं की जांच, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधारों की मांग की थी। संगठन ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद से धर्मेंद्र प्रधान के हटने और अपनी अन्य मांगों पर केंद्र सरकार से आश्वासन मिलने के बाद 'अच्छी नीयत' से आंदोलन वापस लेने का फैसला किया।

## साहनेवाल में तीन नए आम आदमी क्लीनिक शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**साहनेवाल (लुधियाना)-** पंजाब सरकार द्वारा लोगों को उनके घरों के निकट निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से साहनेवाल विधानसभा क्षेत्र में 76.41 लाख रुपये की लागत से निर्मित तीन नए आम आदमी क्लीनिक जनता को समर्पित किए गए। इन क्लीनिकों का उद्घाटन पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने बताया कि बादल फ्लैट, मुंडियां कलां में 27.96 लाख रुपये, पुराना बाजार साहनेवाल में 22.06 लाख रुपये तथा गांव ऊंची मंगली में 26.39 लाख रुपये की लागत से आम आदमी क्लीनिक स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन क्लीनिकों के शुरू होने से स्थानीय लोगों को अपने क्षेत्र में ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार प्रत्येक नागरिक को बेहतर, निःशुल्क



और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। आम आदमी क्लीनिकों के माध्यम से मरीजों को निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श, आवश्यक दवाएं, विभिन्न जांच और प्रारंभिक उपचार की सुविधा एक ही स्थान पर मिल रही है, जिससे उनका समय और धन दोनों की बचत हो रही है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि सभी क्लीनिकों में अनुभवी चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मियों और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों की तैनाती की गई है, ताकि प्रत्येक मरीज को समय पर बेहतर उपचार मिल सके। अब लोगों को सामान्य बीमारियों के इलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा, बल्कि अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है



और आम आदमी क्लीनिक इस अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने लोगों से इन निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा स्वस्थ पंजाब के निर्माण में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर साहनेवाल सिविल अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने आम आदमी क्लीनिकों में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मरीजों को पारदर्शी, सहज और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने पंजाब सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि नए क्लीनिक शुरू होने से क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का सीधा लाभ मिलेगा।

## जालंधर में 10 नए आम आदमी क्लीनिक शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जालंधर-** पंजाब सरकार की ओर से पूरे राज्य में 100 नए आम आदमी क्लीनिक स्थापित करने की श्रृंखला के तहत मंगलवार को जालंधर जिले में 10 नए आम आदमी क्लीनिकों का शुभारंभ किया गया। इन क्लीनिकों के शुरू होने से जिले में स्वास्थ्य सेवाएं और सुदृढ़ होंगी तथा लोगों को अपने घरों के नजदीक निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर पंजाब के बागवानी, स्वतंत्रता सेनानी एवं रक्षा सेवा कल्याण मंत्री मोहिंदर भगत ने शहर के सिद्धार्थ नगर, भार्गो नगर तथा खेल एवं शल्य चिकित्सा परिसर में तीन नए आम आदमी क्लीनिकों का उद्घाटन किया। कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रत्येक नागरिक तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी क्लीनिकों का विस्तार सरकार की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे विशेष रूप से



गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो रही है। उन्होंने बताया कि जिले में पहले से 75 आम आदमी क्लीनिक संचालित हो रहे हैं। अब 10 नए क्लीनिक शुरू होने के बाद इनकी संख्या बढ़कर 85 हो गई है, जिससे अधिक लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। इसी क्रम में करतारपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बलकार सिंह ने सराय खास में नए आम आदमी क्लीनिक का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी क्लीनिक राज्य में स्वास्थ्य क्रांति का प्रतीक हैं, जहां लोगों को उनके घरों के समीप निःशुल्क एवं बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही



हैं। इसके अलावा लसारा, नांगल, सलेमपुर, गदाईपुर, लम्मा पिंड तथा राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय परिसर में भी नए आम आदमी क्लीनिकों का शुभारंभ किया गया। इन क्लीनिकों के माध्यम से स्थानीय लोगों को प्राथमिक उपचार, आवश्यक जांच तथा निःशुल्क दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## 24 घंटे तक नहीं आई बिजली, जालंधर में गुस्साए लोगों ने कर दी सड़क जाम

**जालंधर।** जालंधर में लगातार 24 घंटे तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होने से लोगों का गुस्सा आखिरकार सड़क पर फूट पड़ा। शहर के टीवी टावर के पास बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की और मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया। प्रदर्शन के कारण कुछ समय तक यातायात भी प्रभावित रहा। लोगों का आरोप है कि बिजली फाल्ट की शिकायत बार-बार करने के बावजूद समय पर कोई समाधान नहीं किया गया, जिससे पूरे इलाके को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार इलाके में बिजली फाल्ट आने के बाद से लगातार बिजली आपूर्ति बाधित है। एक दिन बीत जाने के बावजूद फाल्ट ठीक नहीं किया जा सका। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली नहीं होने से घरों में रहने वाले बुजुर्ग, बच्चे और बीमार लोग सबसे अधिक परेशान हैं। पेयजल आपूर्ति, घरेलू उपकरण और दैनिक जीवन भी बिजली संकट के कारण प्रभावित हो गया है।

## अमृतसर में तीन नए आम आदमी क्लीनिक शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमृतसर-** सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अजय गुप्ता ने मंगलवार को क्षेत्र में तीन नए आम आदमी क्लीनिकों का उद्घाटन किया। कटरा मोतीराम स्थित आर्य समाज स्कूल के निकट, मुलेचक पंचायत तथा कीर्तनगढ़ पंचायत क्षेत्र में स्थापित इन क्लीनिकों के शुरू होने से स्थानीय लोगों को अपने घर के पास ही निःशुल्क एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। उद्घाटन के अवसर पर विधायक डॉ. अजय गुप्ता ने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने राज्यभर में एक हजार से अधिक आम आदमी क्लीनिक स्थापित किए हैं। इन क्लीनिकों के माध्यम से लोगों को निःशुल्क उपचार, चिकित्सकीय परामर्श, आवश्यक जांच तथा दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने लोगों से इन स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र में अब 10 आम आदमी क्लीनिक संचालित हो रहे हैं, जिससे क्षेत्रवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से मिल रही हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत उनके कार्यालय में 10 लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार के लिए कार्ड बनाए जा रहे हैं। जिन पात्र लोगों के पास अभी तक कार्ड नहीं हैं, वे कार्यालय में संपर्क कर इसका लाभ उठा सकते हैं। डॉ. गुप्ता ने बताया कि उनके कार्यालय में 'मावा धियां सत्कार योजना' के अंतर्गत भी प्रतिदिन आवेदन पत्र भरे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण से जुड़ी सभी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत भी लोगों को विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जा रहे हैं। मंगलवार सुबह सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र के श्रद्धालुओं को इस योजना के तहत तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र के संगठन प्रभारी हरप्रीत सिंह आहलूवालिया, वार्ड प्रभारी विशाल गिल, दीपक बग्गा, साजन कुमार, रितु महाजन, राहुल कुमार, मोनिका लांबा, रोम्पी, विक्की कुमार, सरपंच हरजीत सिंह, सरपंच सुखदेव सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## 2 करोड़ 50 लाख रुपये के साइबर फ्रॉड केस में राजस्थान का आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियानाः** स्वप्न शर्मा, IPS कमिश्नर ऑफ़ पुलिस लुधियाना, डिप्टी कमिश्नर ऑफ़ पुलिस हरपाल सिंह PPSG के निर्देश पर, वैभव सहगल PPS, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर ऑफ़ पुलिस, लोकल, लुधियाना और हरजिंदर सिंह PPS असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ़ पुलिस साइबर क्राइम लुधियाना की देखरेख में और SHO सतबीर सिंह और स्ढ्ढ हरिंदर पाल सिंह की टीम ने 20-07-2026 को राजस्थान में अलग-अलग जगहों पर रेड करके थाना साइबर क्राइम लुधियाना के केस नंबर 26/2026 के आरोपी मानवेंद्र सिंह, निवासी जोधपुर, राजस्थान को गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक नकली फर्म बनाई और फर्म के मालिक की फोटो लगाकर और मैनेजर को यह बताकर कि वह एक फर्म के साथ बिजनेस कर रहा है, पीड़ित की फर्म के



मैनेजर से 2.50 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। आरोपी को 25-07-2026 तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। इस केस से जुड़े दूसरे आरोपियों को ढूंढने के लिए रेड चल रही है और डिजिटल सबूतों की अच्छी तरह से जांच की जा रही है। अब तक पीड़ित को 18 लाख रुपये वापस किए जा चुके हैं। पुलिस आम लोगों, खासकर बिजनेसमैन से अपील करती है कि वे ऐसे किसी भी शक वाले कॉल या मैसेज से सावधान रहें और तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 या पास के पुलिस स्टेशन से संपर्क करें।

## चंडीगढ़ में हेरोइन सप्लाई करने आई महिला गिरफ्तार, पुलिस पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी

**चंडीगढ़।** नशा तस्करी के मामले में सेक्टर-31 थाना पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। रामदरबार कालोनी की रहने वाली 25 वर्षीय महिला से पुलिस को 13.42 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपित महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। केस के मुताबिक थाना पुलिस की टीम रामदरबार में पेट्रोलिंग कर रही थी। तभी पुलिस ने एक महिला को शक के आधार पर रोका। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास 13.42 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। वह इसके संबंध में पुलिस को कोई लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सकी। ऐसे में पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि यह महिला हेरोइन की खेप कहां से लाई और इसे आगे कहां सप्लाई करने वाली थी। नशे के कारोबार में शामिल उसके अन्य साथियों का भी पता लगाया जा रहा है।

## कांग्रेस भवन से गांधी प्रतिमा तक कैंडिल मार्च का आयोजन

**लखीमपुर, खीरी-** छात्रों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए तथा NEET/CBSC संबंधित मुद्दे और छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में एवं दिल्ली में हुई अभूतपूर्व घटनाओं तथा कांग्रेस पार्टी द्वारा निरंतर चलाए जा रहे देश व्यापी आंदोलन के क्रम में राजतंत्र द्वारा की गई दमनात्मक कार्यवाहियों के विरोध में आज दिनांक 25 जुलाई को सायं 6 बजे कांग्रेस भवन से गांधी प्रतिमा तक कैंडल मार्च सत्याग्रह का आयोजन जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अगुवाई में किया गया। उक्त कैंडल मार्च सत्याग्रह को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा हमारे एजुकेशन सिस्टम को फिर से संवारने की दिशा में बहुत बड़ा कदम है द्य देश भर के छात्रों व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर गर्व है द्य हमारे देश के युवाओं ने छात्रों ने सड़कों पर आकर लोकतंत्र, संविधान और अपने भविष्य की रक्षा में खड़े होकर तानाशाह सरकार को घुटने टेकने पर मजबूर कर बता दिया कि यह देश लोकतांत्रिक प्रक्रिया से ही चलता है। जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती ने कहा कि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे से बात नहीं बनती देश के आंदोलन रत छात्रों पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज आंसू गैस पैलेट गन से वार किया गया है। इन सबके लिए देश के गृहमंत्री जिम्मेदार हैं उनका भी इस्तीफा होना चाहिए।

## 100 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना-** पंजाब सरकार की 'युद्ध नशों के विरुद्ध' मुहिम के तहत लुधियाना क्राइम शाखा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 100 ग्राम हेरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। बरामद



हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। पुलिस के अनुसार, निरीक्षक नवदीप सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक ममता मिन्हास के नेतृत्व में क्राइम शाखा की टीम थाना मोती नगर क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि ग्लाडा मैदान के निकट पार्क के बाहर एक युवक हेरोइन की खेप लेकर ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 100 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 24 वर्षीय अभिषेक कुमार पुत्र करमपाल, निवासी हरगोबिंदपुरा मोहल्ला, समराला चौक के निकट, लुधियाना के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके पिता समराला चौक के पास चाय की दुकान चलाते हैं और वह भी उनके साथ काम करता था। आरोपी ने दावा किया कि बरामद हेरोइन उसे एक अज्ञात ऑटो चालक देकर गया था। उसने यह भी कहा कि वह स्वयं नशा नहीं करता। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना मोती नगर में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह हेरोइन किसे सप्लाई करने वाला था। पुलिस अज्ञात ऑटो चालक सहित पूरे नशा तस्करी नेटवर्क की जांच में जुटी है।

# चीन की ओर बढ़ रहा शक्तिशाली चक्रवात 'नौल', तटीय इलाकों में रेड अलर्ट



**बीजिंग(एजेंसी)।** चीन के दक्षिणी तटीय क्षेत्रों की ओर तेजी से बढ़ रहे शक्तिशाली चक्रवात 'नौल' को देखते हुए देश के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने सर्वोच्च स्तर का 'रेड अलर्ट' जारी किया है। मौसम विभाग ने आशंका जताई है कि यह चक्रवात गुआंगदोंग प्रांत के तटीय इलाकों से टकरा सकता है, जिससे भारी बारिश, तेज हवाओं और व्यापक जन-धन हानि की आशंका है। संभावित खतरे को देखते हुए प्रशासन ने राहत एवं बचाव एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा है और लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी ताजा बुलेटिन के अनुसार, इस वर्ष का 12वां चक्रवात 'नौल' शनिवार देर रात गुआंगदोंग प्रांत के हुइझोउ शहर के हुइदोंग काउंटी से लगभग 100 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व समुद्री क्षेत्र में सक्रिय था। चक्रवात के केंद्र के आसपास हवाओं की रफ्तार 'फोर्स-14' स्तर तक पहुंच गई है, जो इसे अत्यंत शक्तिशाली श्रेणी में रखती है। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवात लगभग 20 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है और तट से टकराने से पहले इसके और अधिक शक्तिशाली होने की संभावना है। इसके प्रभाव से गुआंगदोंग सहित आसपास के कई क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश, समुद्र में ऊंची लहरें और तेज आंधी आने की चेतावनी जारी की गई है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, तट से टकराने के बाद चक्रवात उत्तर-उत्तरपश्चिम दिशा की ओर बढ़ेगा और धीरे-धीरे कमजोर पड़ने की संभावना है। हालांकि, इसके प्रभाव से कई प्रांतों में भारी वर्षा और बाढ़ जैसी परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। संभावित आपदा को देखते हुए राष्ट्रीय बाढ़ नियंत्रण एवं सूखा राहत मुख्यालय ने गुआंगदोंग प्रांत में बाढ़ और चक्रवात से निपटने के लिए आपात प्रतिक्रिया का स्तर बढ़ाकर तीसरा स्तर कर दिया है। वहीं, भारी वर्षा की आशंका को देखते हुए जियांग्शी और हुनान प्रांतों में भी चौथे स्तर की आपात प्रतिक्रिया लागू कर दी गई है। चक्रवात के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी है। समुद्र में मौजूद मछुआरों और जहाजों को तत्काल सुरक्षित बंदरगाहों पर लौटने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय प्रशासन ने राहत एवं बचाव दलों, चिकित्सा टीमों और आपदा प्रबंधन इकाइयों को पूरी तरह सक्रिय कर दिया है। उधर, हांगकांग में भी चक्रवात के संभावित प्रभाव को देखते हुए व्यापक एहतियाती कदम उठाए गए हैं। मौसम विभाग की चेतावनी के बाद 410 से अधिक उड़ानें और 150 हाई-स्पीड रेल सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। इसके अलावा गृह मामलों के विभाग ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए 28 अस्थायी आश्रय स्थल खोल दिए हैं, जहां जरूरत पड़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। चीन में चक्रवातों के लिए चार स्तर वाली रंग-आधारित मौसम चेतावनी प्रणाली लागू है, जिसमें लाल (रेड) सबसे गंभीर चेतावनी मानी जाती है। इसके बाद नारंगी, पीला और नीला स्तर आता है। रेड अलर्ट जारी होने का अर्थ है कि चक्रवात से बड़े पैमाने पर नुकसान की आशंका है और प्रशासन को आपदा प्रबंधन के सभी उपाय तत्काल लागू करने होते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि चक्रवात 'नौल' अपनी वर्तमान तीव्रता के साथ तट से टकराता है तो दक्षिणी चीन के कई तटीय इलाकों में जनजीवन प्रभावित हो सकता है। ऐसे में प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और लोगों से आधिकारिक निर्देशों का पालन करने की अपील कर रहा है।

# दिल्ली पुलिस की कार्रवाई पर विपक्ष हमलावर, गृह मंत्री अमित शाह पर कांग्रेस ने साधा निशाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज/नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले और छात्र आंदोलन के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद भी केंद्र सरकार पर राजनीतिक दबाव कम होता नजर नहीं आ रहा है। अब दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्र प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर सीधे सवाल उठाए हैं। वहीं सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे को लेकर लगातार बहस जारी है। माना जा रहा है कि संसद के दूसरे सप्ताह में यह मामला प्रमुखता से उठाया जाएगा। कांग्रेस का आरोप है कि 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर आयोजित छात्र प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने अत्यधिक बल प्रयोग किया। पार्टी का कहना है कि इस कार्रवाई में कई छात्रों को गंभीर चोटें आई। विपक्ष का आरोप है कि इस पूरे मामले की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रेस वार्ता में कहा कि छात्रों के खिलाफ हुई कार्रवाई बेहद गंभीर है और इसकी जिम्मेदारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान छात्रों के साथ कठोर व्यवहार किया गया और कथित रूप से पेलेट गन जैसे हथियारों का इस्तेमाल हुआ। राहुल गांधी ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वाले युवाओं के साथ इस प्रकार का व्यवहार स्वीकार नहीं किया जा सकता। राहुल गांधी ने कहा कि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को छात्रों की जीत बताते हुए सरकार को चेतावनी दी कि यदि युवाओं की समस्याओं की अनदेखी जारी रही तो आंदोलन और व्यापक रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं की आवाज को दबाने के बजाय सरकार को उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। कांग्रेस का तर्क है कि दिल्ली पुलिस केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन कार्य करती है, इसलिए इस मामले में गृह मंत्रालय को जवाब देना चाहिए। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर भी कहा कि इस पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। इस बीच संसद का मानसून सत्र सोमवार से दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर रहा है। माना जा रहा है कि विपक्ष नीट पेपर लीक, छात्र आंदोलन और दिल्ली पुलिस की कार्रवाई को लेकर सरकार को घेरने की रणनीति बनाए हुए है। पिछले सप्ताह भी इन मुद्दों को लेकर संसद की कार्यवाही कई बार बाधित हुई थी। उधर, केंद्र सरकार की ओर से अभी तक इन आरोपों पर विस्तृत आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हालांकि सुरक्षा एजेंसियों द्वारा प्रदर्शन के दौरान अपनाई गई कार्रवाई और इस्तेमाल किए गए उपकरणों की समीक्षा किए जाने की चर्चा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि छात्र आंदोलन और उससे जुड़े घटनाक्रम आने वाले दिनों में संसद के भीतर और बाहर राजनीतिक बहस का प्रमुख विषय बने रह सकते हैं।

**कांग्रेस का आरोप है कि 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर आयोजित छात्र प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने अत्यधिक बल प्रयोग किया। पार्टी का कहना है कि इस कार्रवाई में कई छात्रों को गंभीर चोटें आईं। विपक्ष का आरोप है कि इस पूरे मामले की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रेस वार्ता में कहा कि छात्रों के खिलाफ हुई कार्रवाई बेहद गंभीर है और इसकी जिमेदारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर है।**

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ अवसर पर रविवार को नगर स्थित मा.कल्याण सिंह सभागार में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 50 से अधिक प्राचार्यो एवं शिक्षकों को 5 लाख तक के निशुल्क उपचार की सुविधा वाले कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम में डा.भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा से आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उद्घाटन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा रहे। विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, नपाध्यक्ष सोनाली जैन, राज्य मंत्री प्रतिनिधि चंद्रशेखर तथा शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ मौजूद रहे। शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद सीडीओ शेषनाथ चौहान एवं प्राचार्य प्रो.केशव देव ने अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। इसके उपरांत जनप्रतिनिधियों ने जनपद के 50 से अधिक लाभार्थी प्राचार्यो एवं शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड प्रदान किए। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग के अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित शिक्षण संस्थानों के शिक्षक और कर्मचारी लंबे समय से कैशलेस उपचार की सुविधा की मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री द्वारा इस मांग को पूरा कर शिक्षकों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है, जिससे उन्हें और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा मिल सकेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष ने शासन के इस निर्णय की सराहना करते हुए लाभार्थियों को शुभकामनाएं दीं। वहीं शिक्षक विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं उनके आश्रितों को भी मुफ्त उपचार की सुविधा मिलना अत्यंत स्वागतयोग्य कदम है। नपाध्यक्ष ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए कहा कि उनके स्वास्थ्य और कल्याण के लिए शुरू की गई यह योजना समाज के लिए सकारात्मक पहल है। इस दौरान एएसपी, प्रोबेशन अधिकारी, विभिन्न महाविद्यालयों प्राचार्य, शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय प्रवक्ता डा.रीतेश कुमार खरे ने किया, जबकि अंत में नोडल उच्च शिक्षा प्रो. केशव देव ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# रेउसा में अवैध निजी नर्सिंग होम पर इलाज में लापरवाही का आरोप, परिजनों ने जमकर हंगामा किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** जिले के रेउसा क्षेत्र में बिना पंजीकरण और निर्धारित मानकों के संचालित एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के बाद एक महिला की हालत बिगड़ने पर शनिवार (25 जुलाई ) को परिजनों ने अस्पताल परिसर के बाहर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रेउसा में भर्ती कराया। मामला तंबौर रोड स्थित उषा नर्सिंग होम का है, जो बेसमेंट में चलाया जा रहा है और पंजीकरण तथा मानकों के बिना संचालित होने का आरोप है। पीड़ित परिवार के अनुसार, पंडितपुरवा मजरा राजपुर कला (थाना रेउसा) निवासी सर्वेश कुमार की पत्नी बिट्टा देवी का करीब एक महीने पहले (लगभग 27 जून के आसपास) इस नर्सिंग होम में डीएलसी (डाइलेशन एंड क्यूरेटेज/सफाई प्रक्रिया) किया गया था। इलाज के बाद उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती गई। परिजनों का आरोप है कि नर्सिंग होम संचालक (राहुल और उनकी पत्नी) ने पहले घर आकर इलाज किया, लेकिन हालत नहीं सुधरी। इसके बाद महिला को लखनऊ के निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद हालत में सुधार नहीं हुआ। पैसे खत्म होने पर परिवार ने महिला को वापस रेउसा लाकर नर्सिंग होम के बाहर लिटा दिया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझाया और महिला को अस्थायी रूप से सीएचसी रेउसा में भर्ती करवाया। थाना प्रभारी हनुमंत तिवारी ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत (आईजीआरएस) प्राप्त हो चुकी है और इसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिवार इलाज और मुआवजे की मांग कर रहा है।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनंत मिश्रा ने बताया कि जिला स्तर की टीम पिछले गुरुवार से मामले की जांच कर रही है और पीड़ित पक्ष से बयान तथा सबूत दर्ज करने के लिए बुलाया गया है। परिवार ने थाना में दो बार आवेदन दिए थे और विधायक ज्ञान तिवारी से भी संपर्क किया था, जिन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन तब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी।

यह घटना रेउसा क्षेत्र में निजी नर्सिंग होमों की लापरवाही और अवैध संचालन के पुराने मामलों की याद दिलाती है। पहले भी यहां प्रसूताओं और नवजात शिशुओं की मौत के मामले सामने आए हैं, जिनके बाद कुछ नर्सिंग होम सील किए जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश में नैदानिक प्रतिष्ठान (पंजीकरण और विनियमन) अधिनियम, 2010 के तहत बिना पंजीकरण के क्लिनिकल प्रतिष्ठान चलाना अवैध है और इसके लिए जुर्माना तथा अन्य दंड का प्रावधान है। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन से ऐसी इकाइयों पर सख्त निगरानी और कार्रवाई की मांग उठ रही है।

पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की जांच जारी है। महिला का इलाज सीएचसी में चल रहा है।

# महिला सशक्तिकरण पर आज होगी वृहद विचार गोष्ठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति की ओर से 27 जुलाई को महिला सशक्तिकरण वृहद विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम नगर के होटल ललित पैलेस में दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर समिति की अध्यक्ष गुलाबबाई सेन की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। समिति की सचिव श्रीमती गीता सेन ने बताया कि विचार गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना तथा समाजसेवा और नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। अध्यक्षता श्रीमती गुलाबबाई सेन करेंगी, जबकि मुख्य अतिथि प्रो.गीता यादवेन्दु, प्राचार्य, बीडीएम म्युनिसिपल गर्ल्स डिग्री कॉलेज शिकोहाबाद उपस्थित रहेंगी। विशिष्ट अतिथियों में रंजना गुप्ता (सुल्तानपुर), दीपिका सिंह (कानपुर), विजय लक्ष्मी वर्मा (फिरोजाबाद), सीमारानी सुहेरा (मेरठ), कंचन नंदा (लखनऊ), श्रीमती कंचनमाला (स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, आगरा), श्रीमती उमा सिंह (आगरा), एड. प्रियंका सिंह (उच्च न्यायालय, दिल्ली), श्रीमती अंजुली शुक्ला (कन्नौज), श्रीमती चंद्रप्रभा बौद्ध (जालौन), इंजी.नेहा कौशल (झांसी), श्रीमती शशि गौरव (टुंडला), श्रीमती शशिबाला (झांसी), इंजी.निधि पांडेय (झांसी) तथा इंजी.दीक्षा दुबे (झांसी) सहित देश-प्रदेश की अनेक प्रख्यात समाजसेविकाएं एवं विशेषज्ञ शामिल होंगी। बैठक में आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति की उपाध्यक्ष रामदेवी सेन, सचिव गीता सेन, कोषाध्यक्ष सुमन सेन सहित डोली सेन, कौशल्या यादव, प्रियंका सेन, गुडडी राठौर, सावित्री राजपूत, प्राची सेन, वंदना कुशवाहा, मीरा साहू, सविता कुशवाहा, शोभा श्रीवास्तव, राजेश्वरी जायसवाल, किरण शर्मा, सुषमा देवी, नर्मदा श्रीवास, रश्मि जैन, कोमल अहिरवार, कु.उमा, रेखा चंदेल एवं कार्यकारिणी की अन्य सदस्याओं ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। समिति की सचिव गीता सेन ने जनपद एवं आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता कर महिला सशक्तिकरण अभियान को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह विचार गोष्ठी महिलाओं के सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

**बैठक में आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति की उपाध्यक्ष रामदेवी सेन, सचिव गीता सेन, कोषाध्यक्ष सुमन सेन सहित डोली सेन, कौशल्या यादव, प्रियंका सेन, गुडडी राठौर, सावित्री राजपूत, प्राची सेन, वंदना कुशवाहा, मीरा साहू, सविता कुशवाहा, शोभा श्रीवास्तव, राजेश्वरी जायसवाल, किरण शर्मा, सुषमा देवी, नर्मदा श्रीवास, रश्मि जैन, कोमल अहिरवार, कु.उमा, रेखा चंदेल एवं कार्यकारिणी की अन्य सदस्याओं ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की।**

# प्रोजेक्ट नई किरण से टूटा परिवार फिर जुड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस की महत्वाकांक्षी पहल प्रोजेक्ट नई किरण के तहत ललितपुर पुलिस ने एक बार फिर बिखरते परिवार को जोडने़ में सफलता हासिल की है। रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित काउंसलिंग सत्र के दौरान आपसी मतभेदों से जूझ रहे एक परिवार में समझौता कराया गया। दोनों पक्ष आपसी सहमति से दोबारा साथ रहने के लिए राजी हो गए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर नए जीवन की शुरुआत का संकल्प लिया। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में पति-पत्नी के बीच चल रहे पारिवारिक एवं वैवाहिक विवादों की सुनवाई की गई। काउंसलिंग टीम ने दोनों पक्षों की बातें धैर्यपूर्वक सुनकर सकारात्मक संवाद और समझाइश के माध्यम से विवाद को सुलझाने का प्रयास किया, जिसमें एक परिवार का सफलतापूर्वक पुनर्मिलन कराया गया। काउंसलिंग टीम ने अन्य लंबित मामलों की भी सुनवाई की। इनमें तीन प्रकरणों में विस्तृत सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई, ताकि दोनों पक्षों को पर्याप्त अवसर देकर सौहार्दपूर्ण समाधान कराया जा सके। काउंसलिंग टीम में एएसपी कालू सिंह, अजय बरया, डा.एस.पी. पाठक, डा.जनक किशोरी शर्मा, सुधा कुशवाहा, डा.दीपक चौबे, संजीव कुमार शर्मा, सुभाष जैन, एड.अरमान कुरैशी, महिला थानाध्यक्ष अनीता देवी, महिला आरक्षी माधवी शर्मा तथा सेवानिवृत्त महिला आरक्षी सविता कुमारी शामिल रहीं।

# जश्ने ईद-मिलादुन्नबी की तैयारियों को लेकर अहम बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर के नदीपुरा स्थित कयामगाह में जश्ने ईद-मिलादुन्नबी के मुबारक मौके की तैयारियों को लेकर एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता (सदारत) शहर पेश इमाम हाफिज अब्दुल मुबीन ने की। इस बैठक में शहर भर से आए सैकड़ों लोगों और विभिन्न मोहल्लों के गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। इस वर्ष जश्ने ईद-मिलादुन्नबी के जलसे और जुलूस को एक नया अनुशासित और भव्य रूप देने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। जलसे और जुलूस के सुचारू संचालन के लिए शहर पेश इमाम हाफिज अब्दुल मुबीन की सदारत में एक कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया है। इस कमेटी में शहर के जिम्मेदार और नए चेहरों को शामिल किया जाएगा जिनके कंधों पर जश्ने ईद-मिलादुन्नबी के सभी आयोजनों का पूरा कार्यभार होगा। कमेटी के गठन की जिम्मेदारी खुद शहर पेशइमाम साहब ने ली है। उन्होंने बताया कि आगामी जुमा तक शहर की तमाम मस्जिदों में इत्तिला (पर्चा) भेजकर इस संबंध में आधिकारिक ऐलान कर दिया जाएगा। शहर पेश इमाम हाफिज अब्दुल मुबीन साहब ने आवाम से अपील की है कि जो भी लोग इस कमेटी का हिस्सा बनकर खिदमत करना चाहते हैं और जुलूस को कामयाबी की राह पर ले जाने में अपनी अहम भागीदारी देना चाहते हैं वह सीधे उनसे संपर्क कायम कर सकते हैं। बैठक में जिला मुस्लिम एसोसिएशन संगठन के सदस्यों ने पुरजोर तरीके से यह बात रखी कि इस बार आयोजन में युवाओं और नए लोगों को आगे आने का मौका मिलना चाहिए। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि नई ऊर्जा और नई कमेटी के साथ मिलकर इस बार के जलसे को ऐतिहासिक और अनुशासित बनाया जाएगा।

# प्रेस क्लब रजि. में समारोह पूर्वक हुआ पत्रकारों का सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** सुपर मार्केट स्थित अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में रविवार को प्रेस क्लब द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रेस क्लब सदस्यों का फूल-माला पहनाकर और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मान किया गया। समारोह के शुभारंभ पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले ने कहा कि पत्रकारिता एक संघर्ष और जिम्मेदारी से भरा काम है। आज के दौर में निष्पक्षता और निडरता के साथ जन सरोकार की खबरें जनता तक पहुंचाना बेहद चुनौतीपूर्ण है लेकिन हमारे पत्रकार साथी तमाम कठिनाइयों के बावजूद अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं। पत्रकारों का यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं बल्कि उनकी मेहनत और निष्पक्षता का सम्मान है। सफल संचालन प्रेस क्लब महामंत्री अमित सोनी ने किया। इस दौरान संरक्षक संतोष शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन (कल्लू), कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह, पवन संज्ञा पूर्व महामंत्री मोहम्मद नसीम सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी मौजूद रहे। उपस्थित सभी वरिष्ठों ने संगठन की एकजुटता और पत्रकारों के हितों की रक्षा पर बल दिया। सम्मान समारोह के दौरान प्रेस क्लब के आगामी चुनाव को लेकर भी महत्वपूर्ण घोषणा की गई। प्रेस क्लब संरक्षक संतोष शर्मा ने आगामी चुनाव की औपचारिक घोषणा करते हुए बताया कि प्रेस क्लब का नया सदस्यता अभियान 26 जुलाई से शुरू होकर 5 अगस्त 2026 तक दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा। वहीं संरक्षक संतोष शर्मा ने स्पष्ट किया कि सदस्यता अभियान के पूरा होने के बाद निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए पारदर्शी तरीके से प्रेस क्लब का नया चुनाव संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने सभी पात्र पत्रकारों से समय रहते सदस्यता ग्रहण करने की अपील की ताकि चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा किया जा सके। समारोह के अंत में उपस्थित सभी पत्रकारों ने एक-दूसरे को बधाई दी और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान संरक्षक संतोष कुमार शर्मा, मंजीत सिंह सलूजा, अजय तिवारी नीलू, अध्यक्ष राजीव कुमार बबेले, कार्यालय प्रभारी अजित जैन भारती, उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, महामंत्री अमित सोनी, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह, पवन संज्ञा, नीरज सुड़ेले, सुनील शर्मा, अजय बरया, दिनेश संज्ञा, विनीत चतुर्वेदी, जसपाल सिंह बंटी, अबरार अली, राजीव कुमार शुक्ला, महेश प्रसाद शर्मा, रवि जैन चुनगी, डा. संजीव बजाज, वीरेन्द्र पुरोहित, अनंत सर्राफ, सत्येन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया, मोहम्मद नसीम, अशोक तिवारी, मनोज कुमार वैद्य, दीपक सोनी, शैलेन्द्र जैन, अंतिम कुमार जैन, अक्षय दिवाकर, बृजेश तिवारी, संदीप शर्मा, अभय श्रीमाली, रविशंकर सेन, सुनील सैनी, अनूप मोदी, संजीव नामदेव, जयेश बादल, बृजेश पंथ, अश्विनी पुरोहित, भरत रावत, अवनीष त्रिपाठी, राहुल शुक्ला, कपिल नायक, अशोक गोस्वामी, अनूप सेन, अमित पाण्डेय, अमित जैन मोनू, विभाकांत हुण्डैत, सर्वदेव तिवारी, अजय श्रीवास्तव, मो. शमीम, अशोक कुमार सेन, विजय उपाध्याय, विकास त्रिपाठी, संजय ताम्रकार, विजय कुमार ड्योडिया, विकास सोनी, स्वतंत्र रिछारिया, श्याम बिहारी दीक्षित, दिव्यांश शर्मा, अमित पाठक, रामकुमार पुरोहित, शिवम अग्निहोत्री, मनीष पाठक, दीपक कुमार जैन, आशीष तिवारी, विनय तिवारी, शोहिब खान, कपिल नायक भैंसाई, विवेक मिश्रा, सोनम यादव, अनुराग बिदुआ, बलराम पचौरी, विनोद राज सेन, सुरेन्द्र सपेरा, सहित आदि प्रेस क्लब सदस्यगण मौजूद रहे।

## इलाज में देरी पड़ी भारी, झांसी ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम बादरौन में सांप के काटने से एक किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं सर्पदंश के बाद झाड़-फूंक के चक्कर में इलाज में हुई देरी एक किसान के लिए जानलेवा साबित हुई। समय पर चिकित्सकीय उपचार नहीं मिलने से उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई और झांसी मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी अनुसार, ग्राम बादरौन निवासी 56 वर्षीय हरनाम रजक शनिवार की शाम करीब 5 से 6 बजे अपने खेत पर कार्य कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक जहरीले सांप ने काट लिया। सर्पदंश के बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी, लेकिन परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय तालबेहट क्षेत्र के समीप एक गांव में झाड़-फूंक कराने के लिए ले गए। इस दौरान काफी समय बीत गया और उनकी हालत लगातार गंभीर होती चली गई।स्थिति नाजुक होने पर परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया।